इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण
" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 अंक -04 राजनांदगांव, बुधवार 20 नवंबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

बस्तर प्रवास पर सीएम साय : कहा- बम, बारूद छोड़ नक्सली मुख्यधारा में जुड़े, हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस पर कर रही काम

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के बस्तर प्रवास के दौरान सीएम साय ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि, माओवादियों को गोली बारूद की भाषा को छोड़ना ही पड़ेगा। हमारे सरकार की नीति गांव- गांव तक विकास पहुंचाना है। साथ ही कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि, कांग्रेस तो योजनाओं को बंद करना ही जानती है।

दरअसल सीएम साय सीएम साय पत्नी और बेटी दामाद के साथ दंतेवाड़ा पहुंचे। जहां पर उन्होंने पूजा- अर्चना कर मातारानी का आशीर्वाद लिया। दर्शन के बाद सीएम साय ने मीडिया से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि, हमारी 11 माह की सरकार नक्सलवाद नक्सलवाद के खात्मे की ओर बढ़ रही है। इस छोटे से कार्य काल में 200 से अधिक माओवादी मारे गए है। 1500 से अधिक की गिरफ्तारी और सरेंडर करवाया गया है। माओवादियों को गोली बारूद की भाषा को छोड़ना ही पड़ेगा। नियद नेल्लानार योजना के तहत सरकार कटिबद्ध है। विकास से वंचित कोई गांव नही रहेगा।

करप्शन पर सरकार जीरो टॉलरेंस अपना रही- सीएम साय

मोतियाबिंद ऑपरेशन कांड में सीएम साय ने कहा कि, हमारे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बहुत ही सक्रिय व्यक्ति है। जैसे ही उनको इसकी जानकारी मिली उन्होंने मरीजों के अच्छे उपचार हो इसके लिए उन्होंने व्यस्था ठीक करने को कहा। साथ ही दिल्ली ऐम्स में हमने संपर्क किया है जिससे बहुत से लोगों की रोशनी वापस आ रही है। हमारी सरकार करप्शन के लिए जीरो टॉलरेंस अपना रही है। कोई भी अधिकारी हो यदि भ्रष्टाचार में संलिप्तता है तो कार्रवाई निश्चत होगी।

हमने बनाया है, हम ही सवारेंगें- सीएम साय

सीएम साय ने आगे कहा कि, बस्तर में नियद नेल्लानार के तहत 34 कैंप की स्थापना हो चुकी है। एक कैंप की स्थापना का मतलब है 5 किमी दायरे का विकास होना है। इस राज्य को हमने बनाया है और हम ही सवारेंगें। देश की आजादी को 75 वर्ष हो चुके है। भाजपा और कांग्रेस दोनों के कार्यकाल का तुल्यनात्मक देख लो पता चल जाएगा कौन बेहतर है?

पीएससी घोटाले को दोषियों पर हो रही कार्रवाई

पीएससी घोटाले को लेकर सीएम ने कहा कि, पीएम मोदी ने चुनाव प्रसार के दौरान पीएससी घोटाला को लेकर वादा किया था। उस प्रकरण को हमने सीबीआई को जांच के लिए सौंपा था।

अब उस समय के पीएससी के चेयरमैन को अरेस्ट कर लिया गया है। इस प्रकरण में जो भी व्यक्ति दोषी है उन सभी पर कार्रवाई हो रही है।

खुला है समर्पण का द्वार, नई उद्योग नीति का ले लाभ

सीएम साय ने माओवादियों को खुली चेतावनी के साथ विकल्प दिया है। उन्होंने कहा कि, समर्पण का द्वार खुला हुआ है। माओवादी समर्पण कर मुख्यधारा से जुड़े। सरकार नई उद्योग नीति लेकर आई है। अभी कुछ दिन पहले ही यह योजना लागू हुई हे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

महाराष्ट्र चुनाव से पहले भाजपा नेता विनोद तावड़े की बढ़ी मुश्किलें, ईसी ने दर्ज कराई एफआईआर, 9 लाख नकद जब्त

मुंबई। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को वोटिंग होगी। लेकिन इससे पहले महाराष्ट में भारी बवाल हो गया। दरअसल, पालघर के विरार के पास एक होटल में बीजेपी और बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई।

सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रहा है। वहीं बीजेपी नेता विनोद तावड़े पर आरोप लगा है कि वह पैसे बांट रहे थे। हालांकि विनोद तावड़े ने इन आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि पैसे उनके नहीं थे। बीवीए के नेता हितेंद्र ठाकुर ने दावा किया कि बीजेपी नेता के पास से एक डायरी मिली है।

तावड़े ने कही ये बात

बीजेपी नेता विनोद तावड़े ने कहा कि नालासोपारा के विधायकों की एक बैठक चल रही थी। मतदान के दिन के लिए आदर्श आचार संहिता, वोटिंग मशीनों को कैसे सील किया जाएगा और अगर कोई आपत्ति करनी है तो कैसे किया जाएगाज मैं उन्हें इसके बारे में बताने के लिए वहां गया था। बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकर्ताओं, क्षितिज ने सोचा कि हम पैसे बांट रहे हैं।

चुनाव आयोग और पुलिस को जांच करने दें, मैं 40 साल से पार्टी में हूं, पूरी पार्टी मुझे जानती है फिर भी मेरा मानना है कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए।

ईसी ने दर्ज कराया मामला

बीजेपी नेता विनोद तावड़े की महाराष्ट्र चुनाव से पहले मुश्किलें बढ़ गई है। पैसे बांटने के आरोप में चुनाव आयोग की शिकायत पर उनके खिलाफ स्नढ्ढक्रदर्ज हो गई। विरार के तुलिंज पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। विनोद तावड़े के अलावा बीजेपी प्रत्याशी राजन नाइक पर भी केस दर्ज हुआ है। चुनाव आयोग ने 9 लाख नकद बरामद किया है।

गाड़ी जांच की मांग

बहुजन विकास अघाड़ी के नेताओं ने बीजेपी नेता विनोद तावड़े की गाड़ी की जांच करने की मांग की है। वहीं मतदान से एक दिन पहले हुई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

'मोदी जी यह 5 करोड़ किसके SAFE से निकला है?', भाजपा नेता विनोद तावड़े के मामले में बोले राहुल गांधी

मुंबई। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को वोटिंग होगी। इससे पहले बीजेपी नेता विनोद तावड़े की मुश्किलें बढ़ गई है। बीजेपी नेता पर पैसे बांटने के आरोप लगे हैं और चुनाव आयोग की शिकायत पर एफआईआर भी दर्ज हो गई है। बहुजन विकास अघाड़ी ने आरोप लगाएं हैं कि बीजेपी नेता तावड़े 5 करोड़ रुपये लेकर मुंबई के एक होटल में पैसे बांटने पहुंचे थे। इस मामले को लेकर विपक्ष लगातार बीजेपी और पीएम मोदी पर हमला बोल रही है। इसी बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी इस मामले को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मोदी जी, यह 5 करोड़ किसके स्स्नश्व से निकला है? जनता का पैसा लूटकर आपको किसने टेम्पो में भेजा?

सारे सबूतों पर कार्रवाई होनी चाहिए- उद्धव ठाकरे

शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने कहा सारे सबूतों के आधार पर कार्रवाई होनी चाहिए। अन्यथा महाराष्ट्र स्वयं कार्रवाई करेगा। इस मामले में कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा वे अब सिर्फ पैसे का सहारा ले रहे हैं। चुनाव अमीर और गरीब के बीच है। हम गरीब लोगों के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन वे (महायुति) पैसे के बल पर चुनाव को हाइजैक करना चाहते हैं। जब इस तरह का पैसा बरामद होता है तो उसी समय गिरफ़्तारी होनी चाहिए। लेकिन गिरफ़्तारी नहीं की जा रही।

16 दिसंबर से शुरू होगा विधानसभा का सत्र

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र की घोषणा हो गई है। विधानसभा का शीतकलीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होगा। यह सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिवालय ने इस संबंध में आधिकारिक जानकारी की है। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी लेटर में बताया गया है कि 5 दिनों तक सदन की कार्रवाई चलेगी। जिसमें 4 बैठकें होंगी। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी किए गए लेटर में बताया गया है कि शीतकालीन सत्र में वित्तीय कार्य के साथ अन्य शासकीय कार्य सम्पादित किए जाएंगे। विधानसभा के सत्र के लिए तैयारियां शुरु कर दी गई हैं।

सरकार को घेरने की रणनीति बनाएगी विपक्ष

विधानसभा का शीतकालीन सत्र हंगामेदार हो सकता है। विपक्ष सरकार को घेरने की रणनीति बनाएगा। राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष सड़कों पर लगातर प्रदर्शन कर रहा है। वहीं, धान खरीदी को लेकर भी विपक्ष सरकार पर हमला करने की योजना बना रहा है। विधानसभा सत्र को लेकर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस अपने विधायकों के साथ बैठक कर योजना बनाएगा। कवर्धा हिंसा के मामले में भी सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। इसके अलावा विपक्ष सरकारी नौकरी में भर्ती, धान खरीदी केंद्र, समेत कई मुद्दों पर घेरने की योजना बनाएंगे।

विधायकों के साथ करेंगे बैठक

विधानसभा सत्र की घोषणा के बाद माना जा रहा है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष जल्द ही इस संबंध में अपने विधायकों के साथ बैठक कर रणनीति बनाएंगे। विपक्ष के सवालों से बचने के लिए सरकार को अपनी तैयारी करनी है। बता दें कि छत्तीसगढ़ की मौजूदा विधानसभा का यह चौथा सत्र होगा।

इस सत्र में राज्य की विष्णुदेव साय सरकार कई अहम विधेयकों को भी सदन में रख सकती है।

नए विधायक को दिलाई जाएगी शपथ

छत्तीसगढ़ की रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव हुआ है। इस सत्र में नए विधायक को शपथ भी दिलाई जाएगी। इसके अलावा कई वित्तीय कार्य और शासकीय कार्य को संपादित किया जाएगा। माना जा रहा है कि वित्तीय कार्य में अनुपूरक बजट से जुड़ा प्रस्ताव आ सकता है।

मणिपुर हिंसा : खरगे का मुर्मु से हस्तक्षेप का आग्रह

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर की हिंसा को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को मंगलवार को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने का आग्रह किया और कहा कि डेढ़ साल से जारी हिंसा से लोगों का जीवन तबाह हो गया है और उन्हें उम्मीद है कि राष्ट्रपति के हस्तक्षेप से वहां शांति बहाली होगी।



श्री खरगे ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मणिपुर में हिंसा के कारण लोगों का जीवन बहुत कठिन हो गया है। राज्य में 540 से ज्यादा दिनों से हिंसा का तांडव चल रहा है और प्रधानमंत्री तथा राज्य के मुख्यमंत्री लोगों की समस्या को सुलझाने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा, राज्य में जारी हिंसा के कारण 300 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और एक दूसरे के खून के प्यासे लोग निर्दोष बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भी नहीं छोड़ रहे हैं और उनकी हत्या की जा रही है। हिंसाग्रस्त मणिपुर जाने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तैयार नहीं हैं और लोगों की समस्या का समाधान नहीं निकाला जा रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि राष्टपति कार्यालय के हस्तक्षेप से मणिपुर के लोगों के जीवन में शांति बहाल की जा सकेगी और लोग अपने घरों में शांतिपूर्वक रह सकेंगे।

यूएस से तनातनी के बीच पुतिन का भारत दौरा जल्द; पीएम मोदी ने दिया था न्योता

नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगले साल भारत का दौरा कर सकते हैं। राजनयिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पुतिन का यह दौरा दोनों देशों के बीच शीर्ष नेताओं की पारस्परिक यात्राओं के लिए निर्धारित ढांचे के तहत होगी। इस मामले में क्रेमलिन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे की तारीखों का जल्द एलान किया जाएगा। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई में मॉस्को में पुतिन के साथ हुए वार्ता के दौरान उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया था।

प्रेस सचिव दिमित्री पेसकोव ने दी जानकारी

पुतिन की भारत यात्रा को लेकर मंगलवार को क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने वरिष्ठ भारतीय संपादकों के साथ एक वीडियो बातचीत की। जिसमें उन्होंने भारत और रूस के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि पुतिन की यात्रा प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हम जल्द ही उनकी यात्रा की सटीक तारीखें तय कर लेंगे। दिमित्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की रूस की दो यात्राओं के बाद अब राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है, इसलिए हम इस यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

'दिल्ली-एनसीआर के सभी स्कूलों में शारीरिक कक्षाएं बंद करने का निर्देश'

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को निर्देश दिया कि बिगड़ती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के सभी स्कूलों को 12वीं कक्षा तक की कक्षाएं बंद करने के लिए तत्काल निर्णय लेना होगा। इससे पहले दिल्ली सरकार ने दसवीं और बारहवीं कक्षाओं को छोड़कर सभी छात्रों के लिए शारीरिक कक्षाएं बंद करने का निर्देश दिया था।

न्यायमूर्ति एएस ओका और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ राजधानी और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के निर्देश देने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान एक याचिकार्ता ने 10वीं और 12वीं कक्षा को छोड़कर सभी छात्रों के लिए शारीरिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

ईडी-सीबीआई के डर से नहीं इस कारण छोड़ी 'आप', कैलाश गहलोत ने बताई असली वजह

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी में मंत्री रहे कैलाश गहलोत ने अचानक आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया और बीजेपी में शामिल हो गए। बीजेपी में शामिल होने के एक दिन बाद कैलाश गहलोत ने आप छोड़ने की वजह बताई है। उन्होंने कहा कि 2018 में मेरे आवास पर आयकर विभाग की तलाशी हुई, लेकिन मैं डरा नहीं। उस समय भी मुझ पर दबाव रहा होगा।

सीबीआई ने मुझसे पूछताछ की और मुझे जितनी बार बुलाया गया मैं उनके सामने पेश हुआ। मैंने उनके सारे सवालों के जवाब दिए, तो उस समय भी डर रहा होगा। मेरी ईडी-सीबीआई पूछताछ के बारे में किसी को पता नहीं है, मेरा मानना है कि हर बात प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताना या हर छोटी-छोटी बात पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करना जरूरी नहीं है।

ईडी के समन पर हुआ उपस्थित

कैलाश गहलोत ने कहा जब ईडी ने मुझे समन भेजा तो मैं उसके समक्ष उपस्थित हुआ। मैंने उनके सवालों के जवाब दिए और हर संभव तरीके से सहयोग किया। तो, उस समय भी डर रहा होगा, अभी तक कोई समन लंबित नहीं है। अभी तक कोई जांच लंबित नहीं है। तो ये डर किस बात का है। कल भी मैंने कहा था कि मैंने कभी डर या (शेष पृष्ठ 6 पर...)

सीजीपीएससी घोटाला : आरोपी टामन सोनवानी-एसके गोयल सीबीआई की रिमांड में भेजे गए

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सीजीपीएससी घोटाले में सीबीआई ने सोमवार को तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी और कारोबारी एसके गोयल को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश लीलाधर साय यादव की कोर्ट में किया पेश गया। जहां कोर्ट ने उन्हें सात दिन की रिमांड पर भेज दिया है।

कोर्ट में सीबीआई ने टामन सिंह सोनवानी और एसके गोयल की 10 दिन की रिमांड मांगी थी। जहां एसके गोयल की ओर से उनके वकील ने सीबीआई के आरोपों को झूठ और असत्य बताया। उसके वकील ने माना कि, एनजीओ को रकम दिया गया था। सभी एनजीओ को सीएसआर फंड से रकम दिया जाता है और रकम देने के पीछे उनकी मंशा गलत नहीं थी। जिसके बाद कोर्ट ने दोनों को रिमांड पर भेज दिया।

कल हुई है गिरफ्तारी

उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़ राज्य सिविल सेवा परीक्षा घोटाले में आरोपी और पीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी को सोमवार को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने कुछ महीने पहले ही सोनवानी के घर पर छापा मारा था।

चेयरमैन के पद पर रहने के दौरान सोनवानी पर चयन के एवज में अभ्यर्थियों से लाखों रुपये रिश्वत लेने के आरोप लगे हैं। साथ ही तत्कालीन सचिव जेके ध्रुव और अन्य लोगों के खिलाफ कथित भाई-भतीजावाद और अपने अयोग्य रिश्तेदारों और परिचितों को डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी जैसे बड़े पदों पर भर्ती सुनिश्चित करने के लिए मेरिट सूची में डालने के आरोप लगे हैं।

यह है पूरा मामला

उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़ पब्लिक सर्विस कमीशन (सीजीपीएससी) का काम राज्य में विभिन्न विभागों में भर्तियां कराने का होता है। इसी में से एक भर्ती राज्य सरकार के प्रशासनिक पदों पर बैठने वालों के लिए आयोजित कराई जाती है। इसके तहत ष्ठस्क्क डिस्ट्रिक्ट एक्साइज ऑफिसर, ट्रांसपोर्ट सब-इंस्पेक्टर, एक्साइज सब-इंस्पेक्टर जैसे पदों के लिए भर्ती होती है। सीजीपीएससी की ऐसी ही एक भर्ती में घोटाले का आरोप लगा है। परीक्षा में धांधली के आरोप लगाए गए हैं। 18 अभ्यर्थियों के सलेक्शन पर सवाल खड़े किए गए हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

अवकाश के बाद सोसाइटियों में धान की बनी बंपर आवक

सर्वर समस्या बरकरार, टोकन जारी के साथ की जा रही धान खरीदी

राजनांदगांव (दावा)। कार्तिक पूर्णिमा, प्रकाश पर्व व शनि/रविवार शासकीय अवकाश के बाद सोमवार 18 नवंबर से पुनः शुरू हुई धान खरीदी के चलते सोसायटियों में धान की बंपर आवक हो रही है। हालांकि सर्वर समस्या बरकरार है इसके बाद भी किसानों को 15 दिनों का टोकन जारी करने के साथ धान खरीदी की जा रही है।

सोमवार की सुबह सोसायटियों में धान खरीदी कार्य शुरू होते ही सर्वर डाउन समस्या के कारण किसानों को धान बेचने में विलंब हुआ। दोपहर बाद स्थिति सामान्य हो सकी और किसानों को टोकन जारी करने के साथ धान खरीदा गया। हालांकि सर्वर की समस्या के चलते आनलाइन टोकन जारी करने में थोड़ी समस्या आने की शिकायत है लेकिन किसान अपने स्मार्टफोन से टोकन तूंहर हाथ एप में एप्लाई कर टोकन ले रहे हैं। कहा जा रहा है कि टोकन के लिए सोसायटियों पर निर्भर न रहें। सभी के पास स्मार्टफोन है। तुंहर हाथ एप आनलाईन के माध्यम से टोकन हस्तगत किया जा सकता है।

लिमिट के अनुसार टोकन जारी

बता दें कि समितियों की प्रतिदिन धान खरीदी करने की लिमिट अनुसार अगले 15 दिन 4 दिसंबर तक का टोकन जारी कर दिया गया है। सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिला संयोजक ईश्वर श्रीवास ने बताया कि अधिकांश किसानों ने टोकन तुंहर एप के माध्यम से आनलाइन टोकन लिया है और अब अगले 15 दिनों का कोटा पूरा होने के कारण समितियों में पहुंच रहे किसानों को तारीख देनी पड़ रही है। किसानों को धान बेचने की जल्दबाजी में टोकन लेने च्वाइस सेंटरों का चक्कर काटना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पहले आफलाइन टोकन जारी करने के एवज में समिति कर्मचारियों द्वारा किसानों से राशि लेने, अपने पहचान वालों को गांव के बड़े एप्रोच वाले किसान और किसान नेताओं को पहले टोकन देने का आरोप लगता था लेकिन अब टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से आनलाइन टोकन जारी करने की सुविधा आने से इस तरह की समस्या नहीं है।

किसानों ने लिया टोकन

बता दें कि जिले के 96 केंद्रों में से अधिकांश केंद्रों में बड़ी संख्या में किसानों ने टोकन लिया है। मार्कफेड से मिली जानकारी के अनुसार जिले के 4875 टोकनधारी किसानों के द्वारा 221510.00 क्विंटल धान विक्रय किया गया। अभी भी अधिकांश केंद्रों में खरीदी का साफ्टवेयर अपडेट नहीं होने से किसानों को धान बेचने के लिए परेशान होना पड़ा। शहर से लगे धान खरीदी केंद्र ढाबा सोसायटी में कई किसान टोकन नहीं प्राप्त होने की शिकायत लेकर पहुंचे हुए थे। इसी तरह सिंगोला सोसायटी में भी अव्यवस्था का आलम देखा गया।

राजनांदगांव जिले में धान खरीदी

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले के 4875 किसानों से 18 नवंबर को 221510 क्विंटल धान खरीदी की गई। इसकी कुल राशि 5119.92 लाख रुपए है। लिंकिंग वसूली 1566.41 लाख रुपए की गई। धान का परिवहन अभी शून्य है। केसीजी जिले में 2461 किसानों से 128171.60 क्विंटल धान व एम्एम्सी जिले में 531 किसानों से कुल 23104.40 क्विंटल व कवर्धा जिले में 2119 किसानों से कुल 100321.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई। सभी जिलों में अभी परिवहन कार्य शुरू नहीं हुआ है।

किसान के खेत में निकला अजगर, लोगों में दहशत

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों खेतों में धान कटाई, मिंजाई का कार्य द्रुत गति से जारी है। इससे किसान खेतों की ओर देखें जा रहे हैं। शहर के नजदीक ग्राम रेवाडीह में एक किसान के खेत में 10 फीट लंबा खतरनाक अजगर देखे जाने से लोगों में दहशत मच गई। लोग उक्त लंबे व मोटे तगड़े सांप को देखने उमड़ पड़े। गनीमत है कि उक्त खतरनाक सांप ने किसी को काटा नहीं और न हमला किया।

मंगलवार दोपहर तकरीबन 2-3 बजे एक किसान के खेत में निकले अजगर सांप को देखते ही एक व्यक्ति खेत वाले किसान नरेंद्र उरेठी को बताने घर आया। उक्त अजगर खेत में रखे करपा के नीचे डेरा जमाए मुंह उठाए हुए था। किसान उसे देखकर दहशत में आ गया और किसी प्रकार अनहोनी न होने पाएं इसलिए अपने किसी से नंबर लेकर फारेस्ट वाले को सूचित किया। सूचना मिलते ही फारेस्ट वाले आकर तथा खेत में डेरा जमाए अजगर का रेस्क्यू कर उसे जंगल में ले जाकर छोड़ा गया। तब कहीं जाकर लोगों को राहत मिल पाई। बता दें कि बारिश के दिनों व खेती - किसानी के दिनों में ग्राम वासी खेत- खलिहानों की ओर अक्सर इस तरह के सांपों को विचरण करते देखते हैं। पकड़ने जाने पर वे किसी बिल या बांबी में घुस जाते हैं। इससे लोगों में भय बना रहता है। मंगलवार दोपहर को ग्राम रेवाडीह के किसान के खेत में देखें गए उक्त अजगर सांप की फूफकार से लोग दहशत में आ गए और इसे फारेस्ट विभाग वालों से पकड़वाने की व्यवस्था की। फिलहाल उक्त खतरनाक अजगर के पकड़े जाने से लोगों में राहत देखी जा रही है।

राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की संपूर्ण व्यवस्था सराहनीय

एसजीएफआई के उपाध्यक्ष एवं फिल्ड ऑफिसर व्यवस्था को देखकर संतुष्ट

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा संचालित एवं शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में देश के 33 राज्यों एवं संस्थाओं के 1064 प्रतिभागी व ऑफिसियल्स कोच, मैनेजर भाग ले रहे हैं।

उपलब्ध व्यवस्था अन्तर्गत सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास आयोजन समिति की ओर से किया गया। जिसकी स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के उपाध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक श्री मुक्तेश सिंह बदेशा तथा फिल्ड ऑफिसर मुक्ता बरार, सुशीला कुमारी ने अवलोकन पश्चात् संतोष व्यक्त किया है।

राजनांदगांव जिले में 18 नवम्बर से प्रारम्भ हुई 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए देश के 33 राज्यों एवं संस्थाओं की टीम इन दिनों नगर के दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित हो रही बॉस्केटबॉल बालक-बालिका 14 वर्ष एवं बालक 17 वर्ष में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहीं है। अतिथि प्रतिभागी एवं अधिकारी कोच, मैनेजर के लिए नगर में उपलब्ध सुविधानुरूप आवास, परिवहन, क्रीड़ागन, भोजन, चिकित्सा, आवास स्थलों में रात्रि सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने लगातार आयोजन समिति के सदस्य लगे हुए हैं। व्यवस्था को लेकर आज स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के उपाध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक श्री मुक्तेश सिंह बदेशा ने आवास स्थलों व भोजन व्यवस्था का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया। वही फिल्ड ऑफिसर मुक्ता बरार एवं सुशीला कुमारी भी लगातार व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए है।

इस संबंध में आज उन्होंने दिग्विजय स्टेडियम बॉस्केटबॉल कोर्ट एवं मैच की व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था के साथ ही आवास व्यवस्था पर भी संतोष व्यक्त किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देशित किया। जिस पर तत्काल आयोजन समिति के सदस्य एवं अधिकारियों ने आवास स्थलों का दौरा कर आवास शालाओं के प्रभारियों को व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित रखने के साथ ही अतिथि प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े। इस बात का भी ध्यान देते हुए सभी आवास प्रभारी समस्याओं के तत्काल निराकरण करने का प्रयास करें।

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की पहल से दिवंगत पंचायत शिक्षकों के परिजनों की मांग होगी पूरी

संगठन ने आपस में बैठक लेकर श्री अग्रवाल से की मुलाकात

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश भर के दिवंगत पंचायत शिक्षको के परिजनों ने अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर पूर्व शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से उनके निवास पर मुलाकात की। इससे पहले संगठन ने कलेक्ट्रेट गार्डन रायपुर में बैठक लेकर उन पर भरोसा जताया। श्री अग्रवाल ने भी उनकी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए वर्तमान शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर उन्हें अनुकंपा नियुक्ति देने हेतु सिफारिश की हैं।

संगठन के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति माधुरी मृगे ने बताया कि कैबिनेट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा अनुकंपा नियुक्ति निराकरण संबंधी आदेश के पश्चात, जिसमें टेट योग्यता धारी दिवंगत पंचायत शिक्षक परिजन को शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु आदेश जारी किया गया हैं। किंतु टेट अनुत्तीर्ण अन्य लगभग 1000 आश्रित परिजन के लिए तृतीय और चतुर्थ श्रेणी पर जल्द निराकरण की मांग जारी है। संघ प्रांताध्यक्ष श्रीमति माधुरी मृगे के अध्यक्षता में 16 अक्टूबर 2024 को कलेक्टर गार्डन रायपुर में बैठक रखा गया। तत्पश्चात प्रतिनिधि मंडल, अरुंधति शर्मा, प्रमोद चौबे, गीता साहू, पूर्व शिक्षा मंत्री वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात करते हुए पात्रता अभाव, दिवंगत पंचायत शिक्षक परिजन के लिए तृतीय और चतुर्थ श्रेणी में जल्द निराकरण की मांग किए हैं।

पूर्व शिक्षा मंत्री ने लिखा वर्तमान शिक्षा मंत्री को पत्र

उनके द्वारा तत्काल संवेदन शीलता पूर्वक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दिवंगत पंचायत शिक्षक व परिजन के मांग का समर्थन करते योग्यता/पात्रता अनुसार तृतीय चतुर्थ श्रेणी में अनुकंपा निराकरण हेतु पत्र लिखे, प्रांताध्यक्ष माधुरी मृगे ने भाजपा सरकार पर भरोसा व आश पूर्वक परिवार की हालत दयनीय है। बच्चों के भरण पोषण हेतु अति शीघ्र अनुकंपा निराकरण हेतु मांग किया गया। बैठक में रूपा, तृप्ति, बबीता, रुक्मणि व सभी पीड़ित परिजन उपस्थित थे।

पुलिस ने मारपीट व चाकूबाजी के आरोपी को किया गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के कैलाश नगर रोड में हुई मारपीट व चाकूबाजी की घटना के आरोपी को धर दबोचा है और गिरफ्तार कर उसे जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है। आरोपी राहुल भट्ट पिता स्व. संतोष भट्ट उम्र 20 वर्ष निवासी कंचनबाग बताया जाता है।

कोतवाली थाना प्रभारी संजय बरेठ ने बताया कि घटना के संबंध में प्रार्थी कृष्णा रजक पिता जोहन रजक निवासी कैलाश नगर गत 13 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि 7 से साढ़े 7 बजे के मध्य घटना स्थल कैलाश नगर में दुर्गेश टेलर के पास पीटर, सन्नी, राहुल निवासी कंचनबाग द्वारा पुरानी रंजिश पर से मां-बहन की गाली गुफ्तार कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं धारदार चाकू से मारपीट कर चोंट पहुंचाना बताया। उक्त रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 663/24 धारा 296, 118 (1), 351 (2), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता के तहत गिरफ्तार किया।

हाईस्कूल बजरंगपुर नवागांव में बाल दिवस पर बाल मेला भी लगाया गया

राजनांदगांव (दावा)। शास. हाईस्कूल बजरंगपुर नवागांव में प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन व विकास समिति के अध्यक्ष योगेश साहू थे। इनके अलावा समिति के सदस्य रमेश देवांगन, सरिता यादव, उषा वर्मा, पूर्णिमा यादव प्राचार्या श्रीमती ममता झा सभी शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। साहू एवं प्राचार्य ने पं. जवाहर लाल नेहरू एवं माँ सरस्वती के तैलचित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्र-छात्रों द्वारा विज्ञान एवं मॉडल प्रदर्शनी बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमें स्वादिष्ट व्यंजन मुंगोड़ी, गुपचुप, भेल, चाइनीज़ पकौड़ा, छोले भट्टूरे, चाऊमिन का स्टॉल लगाया गया था। अतिथिगण एवं शिक्षकों छात्र-छात्राओं ने स्वादिष्ट व्यंजनो का आनंद लिया। मुख्य अतिथि साहू जी ने पं. जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला और बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी। मॉडल बनाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

आर.सी.ए. कप टी 20 मैच कमला कॉलेज ग्राउण्ड में प्रारंभ

स्टेट स्कूल ने जीता मैच 5 विकेट से अयान खान मैन ऑफ द मैच 3 विकेट लिया

राजनांदगांव (दावा)। कमला कॉलेज मैदान में टुर्नामेंट में टी - 20 मैच स्टेट स्कूल एवं शिशु मंदिर ममता नगर के मध्य टर्फविकेट खेला गया। स्टेट स्कूल के कप्तान टॉस जीतकर पहला फिल्डिंग करने का निर्णय लिया।

शिशु मंदिर के ओपनिंग जोड़ी में हित देवांगन, मलकीत मैदान में उतरे पहला विकेट जल्दी गिर गया मलकीत 5 रन बनाकर लक्की प्रजापति बोल्ड आऊट किये। क्रमशः अयान खान 8 रन हित देवांगन 33 रन बनाकर अंत तक आऊट नही हुए। आदर्श विद्या मंदिर के पूरी टीम 19 ओव्हर 80 रन बनाकर आल आउट हुए। स्टेट स्कूल की ओर से गेंदबाजी करने हुए अयान 3 विकेट रूद्रांश तिवारी 1 विकेट लक्की प्रजापति 1 विकेट लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टेट हाई स्कूल की ओर से ओपनिंग जोड़ी मैदान में सोमेश्वर नेताम, रूद्रांश तिवारी पहला विकेट जल्दी गिर गया। 2 रन के योग पर रूद्रांश तिवारी दुर्ग डी सी ए प्लेयर हर्ष उके ने बोल्ड विकेट लिया। श्लोक चचाने 30 रन बनाकर नाटआउट हुए। खिलेश सोनकर 15 रन बनाये 11.5 बाल पर 81 रन बनाकर स्टेट हाई स्कूल टीम ने यह मैच जीत लिया। मैच के अम्पायर धोनी भाटिया सोनू, ऑनलाईन स्कोरिंग खान ने किया। पुले में ए का पहला मैच था इस प्रतियोगिता में 8 टीम भाग ले रही है, एक पुल में 4 टीम बी टी पुल में 4 टीम था।

प्रथम पुरूस्कार 5001, द्वितीय पुरूस्कार 3001 एकेडमी परिवार की ओर से कोषाध्यक्ष अनन्य देवांगन, महेश साहू, रणजी आई.पी.एल. प्लेयर अजय मंडल, विनोद भावे, अन्तु कराण्डे, अमलाडीह पूर्व महिला शोभा चोपड़ा एवं उपरोक्त चयन होने पर सभी की ओर से हार्दिक शुभकामनाए दी। आर.सी.ए. के प्रमुख कोच संदीप शुक्ले ने दी।

पूर्व विधायक के पिता लतमार जंघेल का 113 वर्ष की उम्र में निधन

घुमका (दावा)। जिले के सबसे वयोवृद्ध लतमार जंघेल भोटेबंद निवासी उम्र 113 वर्ष का निधन 19 नवंबर को हो गया। उनका स्वास्थय कुछ माह से वे अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार के साथ में तीन बेटे छोड़ गये। वे खैरागढ़ के पूर्व विधायक गिरवर जंघेल के पिता जी थे।

क्रांति कुमार शर्मा का निधन

डोंगरगढ़ (दावा)। सेवानिवृत्त शिक्षक क्रांति कुमार शर्मा का निधन सोमवार को दोपहर तीन बजे हो गया। वे अपने पीछे चार पुत्र एवं दो पुत्री से भरापूरा परिवार छोड़ गए। वे धर्मेंद्र शर्मा, जितेंद्र शर्मा, डॉ. वीरेंद्र शर्मा एवं शैलेन्द्र शर्मा (अधिवक्ता) के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 9 बजे छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया।

निर्वाचन नामावली का निरीक्षण कराने तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने व काटने 25 नवम्बर तक वार्डो में दावा आपत्ति

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय के आम निर्वाचन 2024 के लिये निर्वाचन नामावली तैयार करने जारी कार्यक्रम के तहत निर्वाचन नामावली निरीक्षण कराने तथा मतदाता सूची में नाम जोडने, व काटने वार्डो में निर्धारित स्थल पर 25 नवम्बर 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक दावा अपत्ति आमंत्रित किया गया है। जिसके लिये अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी भी लगायी गयी है। इसी प्रकार वार्डो का परिसीमन कर दावा अपत्ति उपरांत अंतिम प्रकाशन किया गया है।

दावा आपत्ति के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि वार्डो में निर्वाचन नामावली का निरीक्षण एवं मतदाता सूची में नाम जोडाने व कटाने वार्डो में स्थल निर्धारित कर अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। जिसके तहत वार्ड नं. 1 के लिये प्राथमिक शाला बजरंगपुर नवागांव में, वार्ड नं. 2 के लिये माध्यमिक शाला बजरंगपुर नवागांव में, वार्ड नं. 3 के लिये प्राथमिक शाला मोतीपुर में,वार्ड नं. 4 के लिये प्राथमिक शाला नया ढाबा व पुराना ढाबा में, वार्ड नं. 5 के लिये प्राथमिक शाला चिखली में, वार्ड नं. 6 के लिये पूर्व माध्यमिक शाला चिखली में,वार्ड नं. 7 के लिये प्राथमिक शाला स्टेशन पारा में,वार्ड नं. 8 के लिये सामुदायिक भवन मोतीपुर में, वार्ड नं. 9 व 10 के लिये प्राथमिक शाला शंकरपुर में,वार्ड नं. 11 के लिये प्राथमिक शाला चिखली नया में,वार्ड नं. 12 के लिये माध्यमिक शाला स्टेशनपारा में,वार्ड नं. 13 के लिये प्राथमिक शाला गौरी नगर में,वार्ड नं. 14 के लिये वेसलियन स्कूल में,वार्ड नं. 15 के लिये स्टेट हाई स्कूल में, वार्ड नं. 16, 17 व 18 के लिये ठा. प्यारेलाल स्कूल में,वार्ड नं. 19 के लिये देवानंद जैन स्कूल में,वार्ड नं. 20 के लिये प्राथमिक शाला पेन्ड्री में,वार्ड नं. 21 के लिये प्राथमिक शाला रेवाडीह में,वार्ड नं. 22 के लिये गुरूनानक स्कूल में,वार्ड नं. 23 के लिये प्राथमिक शाला सिंधी कालोनी में,वार्ड नं. 24 व 25 के लिये सर्वेश्वरदास स्कूल में एवं वार्ड नं. 26 व 27 के लिये महेश्वरी भवन रामाधीन मार्ग में नाम जोडा जायेगा।

इसी प्रकार वार्ड नं. 28 के लिये प्राथमिक शाला लखोली नाका मे, वार्ड नं. 29 के लिये प्राथमिक शाला टाका पारा में, वार्ड नं. 30 के लिये भरतीय खाद्य निगम कार्यालय स्टेशनपारा में, वार्ड नं. 31,32,33,35 व 36 के लिये प्राथमिक शाला लखोली में,वार्ड नं. 34 के लिये प्राथमिक शाला कन्हारपुरी में,वार्ड नं. 37 के लिये उदयाचल सार्वजनिक भवन में वार्ड नं. 38 के लिये दिग्विजय कालेज में,वार्ड नं. 39 के लिये प्राथमिक शाला गंजपारा में,वार्ड नं. 40 के लिये प्राथमिक शाला भवन पुराना बस डिपो के पास नंदई में,वार्ड नं. 41 के लिये प्राथमिक शाला चौखडिया पारा में, वार्ड नं. 42 व 46 के लिये डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर में,वार्ड नं. 43 के लिये सांईस कालेज में, वार्ड नं. 44 व 45 के लिये कमला कालेज में, वार्ड नं. 47 के लिये प्राथमिक शाला मोहारा में,वार्ड नं. 48 के लिये प्राथमिक शाला नंदई में, वार्ड नं. 49 के लिये प्राथमिक शाला मोहद में, वार्ड नं. 50 के लिये प्राथमिक शाला सिंगदई में एवं वार्ड नं. 51 के लिये प्राथमिक शाला हरदी में मतदाता सूची में नाम जोडाने एवं डूप्लीकेट मतदाताओं का नाम हटाने का कार्य किया जा रहा है।

इस संबंध में निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि उपरोक्त केन्द्रों में निर्वाचन नामावली का अवलोकन करे तथा जिनके द्वारा मतदाता सूची नाम नहीं जोडाया गया है वे अपने नजदिकी मतदान केन्द्र मे जाकर नाम जोडा ले, साथ ही वे युवक युवतिया जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है वे अपना नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में दर्ज कराये, ताकि वे विभिन्न चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने पार्षदों से भी अपील करते हुये कहा है कि अपने अपने वार्ड के पात्र मतदाताओं का नाम जोडने एवं डूप्लीकेट मतदाताओं का नाम हटाने कार्य निर्धारित अवधि तक पूर्ण करा लेवे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार वार्डो का नियमानुसार परिसीमन कर दावा अपत्ति उपरांत छत्तीसगढ नगर पालिक निगम अधिनिमय 1956 की धारा 10 की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुये राज्य शासन द्वारा नगर पालिक निगम राजनांदगांव के वार्डो का परिसीमन छत्तीसगढ राज्य पत्र में प्रकाशित किया गया है, जिसका अवलोकन नगर निगम में किया जा सकता है।

शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-7-8
667-9 479-0
राजधानी
3-6-8
370-0 147-2

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

ऑपरेशन मुस्कान के तहत् 15 दिन में 26 गुम/अपहृत बालक/बालिकाएं बरामद

महाराष्ट्र, यूपी, हैदराबाद, तेलगांना एवं छ.ग. के विभिन्न जिलों से बरामद अपहृतों को उनके परिजनों को सौपा गया

राजनांदगांव(दावा)। पुलिस द्वारा आपरेशन मुस्कान के तहत विगत पखवाड़े भर में डेढ़ दर्जन से ज्यादा गुम व अपहृत बालक/बालिकाओं को विभिन्न स्थानों से बरामद कर उनके पालकों को सकुशल सौंपा गया। इससे पालको के चेहरे में खुशी देखी गई।

बता दें कि पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर समस्त राजपत्रित अधिकारियों को ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम/अपहृत (बालक/बालिकाओं) की खोजबीन कर बरामद करने एवं आरोपियों के विरूद्ध त्वरित वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया था। इसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में अपने-अपने अनुविभाग में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एस.डी.ओ.पी डोंगरगांवल दिलीप सिसोदिया, एस.डी.ओ.पी. डोंगरगढ़ अशीष कुंजाम के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थानों में दर्ज प्रकरणों पर विशेष रूचि ली गई और थाना कोतवाली के अप.क्र.- 46/21, 62/22, 59/24, 72/24, 67/24, 83/24, थाना डोंगरगढ़ के अप.क्र.- 57/24, 66/24, 68/24, 72/24, 75/24, 105/24, थाना बसंतपुर के अप.क्र.- 30/24, थाना बोरतलाव के अप.क्र.- 07/24, थाना डोंगरगांव के अप.क्र.- 57/24, थाना छुरिया के अप.क्र.- 39/24, 43/24, थाना गैंदाटोला के अप.क्र.- 25/24, थाना लालबाग के अप.क्र.- 11/21, 28/24, 12/24, 46/24, 48/24, 71/24, 80/24, थाना चिखली के अप.क्र.-16/03, विगत 15 दिन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत् 04 बालक एवं 22 बालिक कुल 26 अपहृत नाबालिकों को बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

परिजनों में खुशी का माहौल

पालकों के चेहरे में खुशी

बताया जाता है कि अपहृतों को तलाश कर उनके माता-पिता को सुपुर्द किए जाने पर उनके मुरझाए चेहरे फिर से खिल उठे और घर भर में खुशियों का माहौल रहा। पुलिस की मानें तो जिले में ऑपरेशन मुस्कान जारी है।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण : जंगल सफारी रायपुर में अद्भुत अनुभव

राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल में स्थित रॉयल किड्स कॉन्वेंट के विद्यार्थियों ने जंगल सफारी में एक दिन का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन के अनुभव प्रदान करना और उनकी शिक्षा को व्यावहारिक बनाना था।

विद्यार्थियों ने जंगल सफारी में जंगली जानवरों को उनके प्राकृतिक आवास में देखा व पशु पक्षियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण के दौरान, विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जैसे कि प्रकृति की सुंदरता का अवलोकन, जंगली जानवरों के बारे में टीम वर्क के माध्यम से समस्याओं का समाधान करना।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट के एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने कहा, हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन के अनुभव प्रदान करना है, जिससे वे अपनी शिक्षा को व्यावहारिक बना सकें। यह भ्रमण हमारे विद्यार्थियों के लिए एक अद्भुत अनुभव था। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण के दौरान अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, यह एक अद्भुत दिन था। हमने बहुत कुछ सीखा और मजा भी किया। इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से रॉयल किड्स कॉन्वेंट ने अपने विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन के अनुभव प्रदान करने के लिए एक और कदम बढ़ाया है।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट ही एकमात्र ऐसी संस्था है, जहां पर इस प्रकार का आयोजन विद्यार्थियों हेतु हमेशा होता रहता है। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर आई.के. वैष्णव, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खण्डेलवाल, श्रीमती एकता खंडेलवाल, श्रीमती सुषमा शुक्ला, श्रीमती ममता मिश्रा, गोपाल साहू, सुश्री सरिता सिंह, श्रीमती अपर्णा वर्मा व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

शहर की बढ़ती आबादी को देखते हुए स्थायी पार्किंग एवं प्रसाधन की व्यवस्था प्रशासन करवाये - ओस्तवाल

राजनांदगांव (दावा)। शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम् से शहर की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, निगम आयुक्त एवं उपसंचालक नगर निवेश विभाग के अधिकारियों से यह अनुरोध है कि, राजनांदगांव शहर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जी विधानसभा क्षेत्र है और उनके क्षेत्र की जनता को स्थायी रूप से निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पार्किंग यातायात की व्यवस्था एवं महिला- पुरूषों के लिए प्रसाधन की व्यवस्था का सामना आम जनता को जो करना पड़ रहा है उससे राजनांदगांव जिला मुख्यालय की छबि आम जनता के सामने अच्छी नहीं जा रही है। जो कि, संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव की जनता का खुला अपमान है, जबकि वर्तमान महापौर श्रीमती हेमा देशमुख इस पूरी व्यवस्था में फैल हो चुकी है। इसलिए जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से माँग है कि, शहर की भौगोलिक स्थिति और सन् 2014 से लेकर 2031 तक का जो मास्टर प्लान लागू किया गया है क्या उसके तहत् प्रशासनिक विभाग के द्वारा कार्य किया जा रहा है या नहीं उसे धरातल पर उतर करके जिले के कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को कड़े निर्णय लेते हुए यातायात की व्यवस्था और पार्किंग की स्थायी कसावट लाने की आवश्यकता है।

गांधी परिवार ने देश सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया - भागवत साहू

राजनांदगांव (दावा)। देश के प्रथम महिला प्रधानमंत्री प्रियदर्शनी श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण द्वारा हर्सोउलास पूर्वक मनाई गई। शहर में आयोजित इस जयंती कार्यक्रम में प्रखर वक्ता के रूप में जिला कांग्रेस ग्रामीण के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि आज जो बांग्लादेश का अस्तित्व है। वह श्रीमती इंदिरा गांधी की ही देन है। प्रारंभ में यह पूर्वी पाकिस्तान कहलाता था। जो मौजूदा पाकिस्तान के कब्जे में था श्रीमती गांधी ने अपने विवेक से इसे अलग देश के रूप में अस्तित्व में लाया।

पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शनीय इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई

भारतीय सेना को भेजकर उन्होंने बांग्लादेश के रूप में अलग देश बनवाया उसके बाद कई दशक तक बांग्लादेश और भारत के दोस्ताना संबंध बुलाया नहीं जा सकते हैं। श्रीमती इंदिरा गांधी ने महिला उत्थान और किसानों का जीवन स्तर उठाने के लिए भी उल्लेखनीय योगदान दिया देश में जितने भी बड़े बांध है वह सब इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में बनाए गए हैं। जिससे आज तक लाखों किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिल रहा है। हर साल उनकी फसल लहराती है और किसानों के घर खुशहाली आती है। पूर्व प्रधानमंत्री के रूप में उनके सुपुत्र राजीव गांधी का भी इस देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान रहा है। कंप्यूटर क्रांति जो आज हम देख रहे हैं। जिसके बिना कोई भी काम संभव प्रतीत नहीं होता वह राजीव गांधी की ही देना है।

श्रीमती इंदिरा गांधी की बहू और राजीव गांधी की धर्मपत्नी श्रीमती सोनिया गांधी ने भी देश की सेवा के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में लंबे अरसे तक देश को नई दिशा दी उनके बाद श्रीमती सोनिया गांधी के सुपुत्र राहुल गांधी भी आज देश को नई दिशा देने के प्रयास में लंबी-लंबी यात्राएं की।

श्रीमती सोनिया गांधी की सुपुत्री और श्रीमती इंदिरा गांधी की पोती प्रियंका गांधी भी देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर चुकी है। इस तरह गांधी परिवार ही एक ऐसा परिवार है। जिसने देश सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग ही पहचान बनाई है। ऐसे परिवार को कांग्रेस कभी नहीं भूल सकता और उनका सदैव आभारी रहेगा। इस अवसर पर कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष भागवत साहू के साथ जिला अध्यक्ष मोती साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज बांधव, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, महामंत्री मदन साहू अध्यक्ष किसान कांग्रेस, अजय मारकंडे प्रभारी महामंत्री, प्रकाश ठाकुर, सचिव गुलशन कुमार एवं जिला कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित मुख्य रूप से उपस्थित थे।

5 साल कांग्रेस के शासनकाल में सोए रहे कुलबीर अब डॉ. रमन को जगाने चले - जमाल खान

भाजपा नेता जमाल खान ने कुलबीर के बयान पर किया जोरदार पलटवार

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के युवा नेता जमाल खान ने शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के बयान पर तीखा पटवार करते हुए कहा कि 5 साल तक राज्य में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सत्ता रही तब श्री छाबड़ा को मेडिकल कॉलेज अस्पताल की याद नहीं आई अब जब भाजपा की सरकार है। तब इस सरकार को बदनाम करने के लिए कुछ भी कुछ आरोप डॉ. रमन सिंह पर लगाया जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन नहीं होंने तथा डॉक्टरों की कमी के लिए डॉक्टर साहब को कोश रहे हैं। उन्हें जगाने की बात कह रहे हैं। ऐसे में श्री छाबड़ा क्या 5 साल तक स्वयं नहीं सोए रहे जो उस समय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी सोते से नहीं जगा पाये। अगर उस समय चाहते तो एमआरआई सीटी स्कैन स्थापित करवा सकते थे। डॉक्टरों की कमी दूर कर सकते थे। ऐसा क्यों नहीं किया अब जब भाजपा की सत्ता है तो तो विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा सरकार की फजीहत करने की कोशिश कर रहे हैं। जनता जानती है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल डॉ. रमन सिंह की देन है जब वह मुख्यमंत्री थे तब राजनांदगांव के लिए क्या नहीं किया राजनांदगांव को स्वर्ग की तरह चमका दिया और 5 साल तक कांग्रेस की सत्ता में राजनंदगांव के साथ भूपेश बघेल का सौतेला व्यवहार किसी से छुपा नहीं है। कुलबीर सिंह छाबड़ा इस सत्य को चुपचाप स्वीकार करें और भाजपा नेताओं तथा भाजपा के खिलाफ अनर्गल बयान बाजी से बाज आ जाएं।

कार्तिक पूर्णिमा पर महाबोधि कोटि में हुई महाबोधि पूजा

राजनांदगांव (दावा)। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर महाबोधि कोटि बजरंगपुर नवांगांव में महाबोधि पूजा का आयोजन किया गया। समाज के वरिष्ठ उपासकों, डॉ. के.एल. टाड़ेकर कन्हैयालाल खोबरागड़े, माणिकचंद घोड़ेसवर के आतिथ्य में महापूजा शुरू हुई। संघ के सदस्य प्रवीण नोन्हरे, गणेश रामटेके, नरेश घोड़ेसवार, अनामिका लेंझारे, सुनीता शेंडे ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा को चीवर अर्पण किया। उपासक व्ही.एस.शेंडे ने बुद्ध वंदना कराई। महाबोधि धम्म संघ द्वारा हर साल कार्तिक पूर्णिमा पर महाबोधि पूजा का आयोजन किया जाता हैं। 09 वे साल में खास कार्यक्रम हुआ। पहली 7 बौद्धाचार्यों ने भगवान बुद्ध के सूत्रों का एक स्वर में एक साथ गायन कर उनकी व्याख्या की। बौद्धाचार्य वंदना मेश्राम जी ने रतन सुत, सुनीता इलामकर ने महामंगल सूत्त, सुनीता शेंडे ने पराभव सूत्त, संदीप कोल्हटकर ने वट सूत्त, निलेश रामटेके ने अलावक सूत्र और सूत्त सह गायन कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रवीण नोनहरे ने करणीय सूत्र का सामूहिक गायन कर उनकी व्याख्या की।

बौद्धाचार्यों ने किया सुत्त सह गायन पहली बार हुआ ऐसा आयोजन

कार्यक्रम के अतिथि डॉ.के.एल.टाडेकर कहा कि भगवान बुद्ध के उपदेशों का प्रचार के लिए बौद्धाचार्यों का यह कार्य बहुत सराहनीय है। इसे निरंतर जारी रखना चाहिए। कन्हैयालाल खोबरागड़े भी सराहना करते हुए कहा कि बौद्धाचार्यों को महत्वपूर्ण बाते बताई। साथ ही कहा कि भगवान बुद्ध के सूत्र की बहुत अच्छी व्याख्या की। माणिकचंद घोड़ेसवर जी ने कहा कि ऐसा आयोजन पहली बार हुआ है और इसे अन्य विहारों में भी किया जाना चाहिए। महाबोधि पूजा के समापन में संघ के प्रवीण नोनहरे ने उपस्थित उपासकोंए अतिथियों का आभार किया। इस अवसार पर संघ के सदस्यों के साथ विनोद श्रीरंगे, सुनील सुषमाकर, प्रहलाद फूले, अखिल लेंझारे, कुलदीप मेश्राम, दक्षिण कोसल के सुशांत कुमार, सुनील गौतम, संगीता बोरकर, माया वासनिक सहित बड़ी संख्या में उपासकों ने महाबोधि पूजा की। यह जानकारी समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने दी।

68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता : छत्तीसगढ़, हरियाणा, झारखण्ड, उत्तराखण्ड, दिल्ली, तमिलनाडू ने अपने मैच जीते

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल गेम्स फेडेरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन के मुकाबले में बॉस्केटबॉल बालक 17 वर्ष एवं 14 वर्ष बालिका वर्ग में मेजबान छत्तीसगढ़ ने जीत दर्ज कर अगले राऊण्ड के लिए स्थिति मजबूत की वहीं झारखण्ड ने पंजाब को हराकर दम दिखाया। दिग्विजय स्टेडियम के बॉस्केटबॉल कोर्ट में खेली जा रही 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन 19 नवम्बर को खेले गये बॉस्केटबॉल बालक वर्ग 17 वर्ष में झारखण्ड ने पंजाब को 67-59 अंकों से हरियाणा ने जम्मू-कश्मीर को 52-42 अंकों से, उत्तराखण्ड ने विद्याभारती को 44-32 अंकों से, सीबीएसई ने गुजरात को 75-35 अंकों से केरल ने आईपीएससी को 27-20 अंकों से मेजबान छत्तीसगढ़ ने उत्तरप्रदेश को 26-14 अंकों से पराजित किया। स्पर्धा के तहत 14 वर्ष बालिका वर्ग में राजस्थान ने कर्नाटक को 33-06 अंकों से तमिलनाडू ने मध्यप्रदेश को 41-19 अंकों से, केवीएस ने तेलंगाना को 24-20 अंकों से सीबीएसई ने बिहार को 31-03 अंकों से और मेजबान छत्तीसगढ़ ने उत्तरप्रदेश को 22-8 अंकों से आसानी से हरा दिया। 14 वर्ष बालक वर्ग में तेलंगाना ने केरल को 57-28 अंकों से, दिल्ली ने महाराष्ट्र को 47-32 अंकों से हिमाचल प्रदेश ने आईबीएसओ को 33-20 अंकों से व हरियाणा ने पश्चिम बंगाल को एकतरफा मुकाबले में 40-13 अंकों से हराया। अन्य मैच देर रात्रि तक दुधिया रोशनी में खेले गये। स्पर्धा के तहत 20 नवम्बर को सुबह 6:30 बजे से लगातार दिग्विजय स्टेडियम स्थित इण्डोर व आऊटडोर कोर्ट में खेले जायेंगे।

एनबीआईएस, बोरी में लायंस प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा लायंस टापटेन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन तरनदीप सिंह अरोरा, टापटेन संस्थापक लायन सुनील बरडिया, टापटेन चेयरमेन लायन मनोज गुप्ता अग्रहरि, रीजन चेयरमेन लायन राजेश जैन, सचिव लायन डाक्टर गिरीश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष लायन कमल किशोर साहू के साथ लायन शोभा चौरसिया, लायन अशोक पवार, लायन रमेश गुप्ता तथा लायन सुरेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। लायन क्लब के सम्मानित सदस्यों के द्वारा शाला के बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। विगत पच्चीस वर्षों से लायन क्लब द्वारा विभिन्न शालाओं में लायन टापटेन के माध्यम से शाला के प्रतिभावान बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करते आ रहे है। एनबीआईएस शाला में लायन टापटेन में पुरस्कृत बच्चे इस प्रकार है। बेस्ट स्टूडेंट अकेडमिक कक्षा बारहवीं कॉमर्स से गरिमा पारख, बायोलॉजी से राशि नायक, मैथ्स से आदित्य मोहबे, कक्षा दसवीं से स्वर साँखला, बेस्ट अनुशासन समृद्धि श्रीवास्तव, बेस्ट लीडरशिप वैभव चितलांग्या, बेस्ट क्रिएटिव प्रितेश शर्मा, बेस्ट वक्ता यश धूर्वा, बेस्ट खिलाड़ी दीक्षा साहू, बेस्ट आर्टिस्ट प्रतीक्षा साहू रही। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, सुश्री कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान तथा शिक्षकों द्वारा टापटेन में प्रोत्साहित सभी बच्चों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। शाला की प्राचार्या द्वारा लायन क्लब के सभी सम्माननीय सदस्यों का शाला में लायन प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन पर आभार प्रदर्शन किया गया। शाला के डायरेक्टर श्री बाजपेयी द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। लायंस क्लब के सम्मानित सदस्यों, शिक्षकों तथा पालकों की उपस्थिति में यह गरिमामयी कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत सभी आवास का निर्माण निर्धारित समय में यथाशीघ्र पूर्ण करें - कलेक्टर

दूरस्थ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी के लिए सड़कों के निर्माण का कार्य प्राथमिकता से करने लोक निर्माण विभाग को दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि धान खरीदी शासन का महत्वपूर्ण कार्य है। धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को किसी भी तरह की समस्या नहीं होनी चाहिए। कोई दिक्कत होने पर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 19 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक विश्व शौचालय दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने इसके लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में तथा धान उपार्जन केन्द्रों में भी शौचालय स्वीकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हॉट बाजार में पेयजल, विद्युत, शौचालय की सुविधा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग किसानों के हित में अधिक से अधिक कार्य करें। दलहन, तिलहन, मक्का तथा गन्ना की खेती को प्रोत्साहित करें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 17 हजार आवासों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। सभी आवास का निर्माण निर्धारित समय में यथाशीघ्र पूर्ण करें। इसके लिए स्थानीय स्तर पर समन्वय करते हुए प्राथमिकता देते हुए कार्य करें। उन्होंने शिक्षा विभाग को अन्य विभाग से समन्वय करते हुए आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित करते हुए 5वीं से 12वीं तक के बच्चों का आवेदन तथा दस्तावेज तैयार रखें। उन्होंने जर्जर प्राथमिक स्कूलों के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के निर्देश दिए तथा नवीन भवन के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि किशोरी बालिकाओं में एनीमिया, बीमारी को दूर करने के लिए व्यवहार परिवर्तन के साथ ही पौष्टिक आहार देने की जरूरत है। इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उक्त बातें कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही।

० जर्जर प्राथमिक स्कूलों के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के दिए निर्देश
० महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों से शराब की तस्करी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिला हॉस्पिटल में एक्स-रे मशीन, सिटी स्कैन, एमआरआई की व्यवस्था होनी चाहिए। प्राथमिकता स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपकरण, सेटअप एवं अन्य व्यवस्था के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने इसके लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय मेडिकल कॉलेज में वार्षिक मेन्टेनेन्स के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि अवैध शराब परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों से शराब की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदतन अवैध कार्यों में संलिप्त अपराधियों को जिला बदर करने की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा का सर्वे करते समय गरीब एवं जरूरतमंदों को ध्यान में रखते हुए सूची तैयार कराएं ताकि शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कौहापानी एवं दूरस्थ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जहां वन विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क है, वहां रोड कनेक्टिविटी के लिए सड़कों के निर्माण का कार्य प्राथमिकता से करने के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण कई सड़क क्षतिग्रस्त हुए है। उनके मरम्मत एवं निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने कहा। कलेक्टर ने 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में साफ-सफाई, पेयजल, भोजन, आवास व्यवस्था, सुरक्षा तथा अन्य व्यवस्था के संबंध में सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि 19 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक विश्व शौचालय दिवस मनाया जा रहा है। इसके लिए हमारा शौचालय-हमारा सम्मान अभियान अंतर्गत सभी शौचालयों की सफाई और रंग-रोगन किया जाना है। उन्होंने कहा कि कार्यालयों, सामुदायिक शौचालयों, व्यक्तिगत शौचालयों तथा ग्राम पंचायत के शौचालयों की साफ-सफाई, उपयोग करने के लिए परामर्श तथा प्रचार-प्रसार का कार्य किया जाना है। इस दौरान शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भी दे सकतें हैं। विशेषकर आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रस्ताव दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि 5 थानों में शौचालय स्वीकृत किए गए हैं। स्वच्छता त्यौहार अंतर्गत व्यापक तौर पर शौचालय का शुभारंभ किया गया। उन्होंने शौचालय की प्रतियोगिता कराई जाएगी, जिसमें अच्छे शौचालय को पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा शौचालय, हमारा सम्मान, इज्जत घर के तौर पर बढ़ावा दें तथा सम्मानित करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

अनमोल दावा

आपका स्वयं पर कितना नियंत्रण है और आप अपने मन में उठने वाले विचारों को कितना संभाल पाते हो इसी पर आपका भविष्य निर्भर करता है।

सत्ता के लिए सब कुछ दांव पर, नीति-सिद्धांत-विचारधारा न इधर है, न उधर

शायद महाराष्ट्र की तरह झारखंड में भी लोकसभा चुनाव में लगा झटका इसका कारण हो। कांग्रेस और राजद की उदारता से विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए वामपंथियों को भी साथ लेने में सफल हो गया है। गैर आदिवासी क्षेत्रों में भाजपा की बेहतर स्थिति के बावजूद माना जा रहा है कि सत्ता की जंग में आदिवासी बहुल विधानसभा सीटें निर्णायक साबित हो सकती हैं। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों में जोड़तोड़-गठजोड़ से लेकर लोक लुभावन वायदों तक पर जोर बताता है कि सत्ता के दावेदारों को अपने दम पर भरोसा नहीं। ये दावेदार कभी-न-कभी सत्ता में रह चुके हैं। फिर ऐसा क्यों है कि उन्हें अपने काम पर जनादेश का विश्वास नहीं? इस सवाल का जवाब बिना दिए भी समझा जा सकता है।इसीलिए दोनों ही राज्यों में येन केन प्रकारेण सत्ता हासिल करने के लिए जोड़तोड़-गठजोड़ से लेकर मुफ्त की रेवड़ियों तक हरसंभव बिसात बिछानी पड़ी है। सत्ता के इस खेल में इस बात की परवाह किसी ने नहीं की कि इन राज्यों की पहले से खराब अर्थव्यवस्था के लिए उनकी चुनावी चालें कितनी घातक साबित होंगी।

दरअसल सत्ता की जंग में सब कुछ जायज मान लिया गया है-और इस काम में कोई किसी से पीछे नहीं। पिछले पांच साल महाराष्ट्र लगातार राष्ट्रीय राजनीति के भी केंद्र में बना रहा। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा-शिवसेना को मिले स्पष्ट बहुमत से लेकर मुख्यमंत्री पद पर टकराव और अलगाव तथा फिर बेमेल गठबंधनों के बीच सत्ता के खेल तक महाराष्ट्र ने राजनीतिक पतन के नए आयाम ही स्थापित किए।भाजपा ने शरद पवार की राकांपा से भतीजे अजित पवार की कुछ दिनों की बगावत के जरिये 80 घंटों की सरकार बना कर अपनी साख दांव पर लगाई तो मुख्यमंत्री बनने के लिए उद्धव ठाकरे ने उसी कांग्रेस से हाथ मिला लिया, जिसके विरुद्ध उनके पिता बाला साहेब ठाकरे ने शिवसेना बनाई थी। राजनीति की नाटकीयता यहीं समाप्त नहीं हुई।हिंदुत्व के मुद्दे पर अपने सबसे पुराने और मुखर साथी रहे बाला साहेब के उत्तराधिकारी उद्धव को मुख्यमंत्री न बनाने वाली भाजपा ने उनकी शिवसेना तोड़ने वाले एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री और अपने पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को उप मुख्यमंत्री बना कर अपनी साख फिर सवालिया निशान स्वयं लगा लिया।80 घंटे की फडणवीस सरकार में उप मुख्यमंत्री रह कर राकांपा में लौट गए अजित में फिर बगावत ने अंगड़ाई ली और वह विधायकों के बहुमत के साथ पार्टी तोड़ कर भाजपा-शिंदे शिवसेना की महायुति सरकार संग जाकर पांचवीं बार राज्य के उप मुख्यमंत्री बन गए। सत्ता के इस खेल में नीति-सिद्धांत-विचारधारा न इधर थी, न उधर। बस सत्ता की धारा ही सभी के सिर चढ़ कर बोल रही थी। जब जैसे जिसको मौका मिल रहा था, वह सत्ता की धारा में डुबकी लगा रहा था।महाराष्ट्र में परिवार भी टूटे। अब अजित पवार ने कहा है कि 2019 के नाटक के रचयिता तो शरद पवार ही थे। मान चाचा ने भी लिया है कि हां, वह भाजपा के साथ सरकार बनाने की विचार प्रक्रिया में शामिल थे, पर उस पर भरोसा नहीं कर पाए। महाराष्ट्र के चुनावी परिदृश्य में भाजपा और कांग्रेस ही दो बड़े दल हैं।भाजपा की महायुति और कांग्रेस की महाविकास आघाड़ी, दोनों में ही गिनती के तीन-तीन दल हैं, लेकिन दरअसल शेष दो दल विभाजित गुट हैं, जिनकी राजनीतिक स्वीकार्यता की परीक्षा हैं ये चुनाव। शिंदे के नेतृत्ववाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्ववाली राकांपा, महायुति में है तो उद्धव के नेतृत्ववाली शिवसेना और शरद पवार के नेतृत्ववाली राकांपा, महाविकास आघाड़ी में है। विचित्र स्थिति है कि दोनों बड़े दल इन गुटों पर ज्यादा निर्भर नजर आ रहे हैं, जबकि उनकी विश्वसनीयता संदिग्ध बनी हुई है। शरद पवार अपने विधायकों की संख्या से भी कई गुणा सीटें अपनी राकांपा के लिए हासिल करने में सफल रहे। अजित पवार महायुति में होते हुए भी भाजपा की चुनावी रणनीति का मुखर विरोध कर रहे हैं। भाजपा जिन नबाव मलिक पर अंडरवर्ल्ड से रिश्तों के आरोप लगाती रही, उन्हें और उनकी बेटी को भी अजित ने विधानसभा टिकट दिया। यह कौन-सा गठबंधन धर्म है? शिंदे के साथ भाजपा के रिश्ते सहज नजर आते हैं, पर उन्हें दी गईं ज्यादा सीटों में राजनीतिक जोखिम भी है। खुद सत्ता के दावेदारों में ऐसे भ्रम के बीच मतदाता के लिए किसी दल-उम्मीदवार का चयन आसान तो नहीं होगा।

झारखंड का चुनावी परिदृश्य भी जोड़तोड़ और वायदों के मायाजाल से मुक्त नहीं है। तमाम आशंकाओं के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस-राजद गठबंधन सरकार कार्यकाल पूरा करने में सफल रही, लेकिन इस बीच एक 'मनी लांड्रिंग' मामले में मुख्यमंत्री पद छोड़कर हेमंत सोरेन को कुछ महीने जेल में गुजारने पड़े। उस दौरान मुख्यमंत्री बनाए गए चम्पाई सोरेन ही इस चुनाव में भाजपा के लिए आदिवासी क्षेत्रों में 'ट्रंप कार्ड' बनते नजर आए। महाराष्ट्र में अगर पवार परिवार विभाजित हुआ तो झारखंड में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का परिवार टूट चुका है। उनकी भाभी सीता सोरेन भाजपा में हैं।

चुनाव पूर्व दलबदल तो अब भारतीय राजनीति का स्थायी चरित्र बन गया है, लेकिन आदिवासी क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की लंबे समय से सक्रियता तथा बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा सरीखे मुख्यमंत्री रह चुके आदिवासी नेता होते हुए भी भाजपा के लिए चम्पाई सोरेन का इतना महत्वपूर्ण हो जाना बताता है कि बढ़त के संकेतों के बावजूद वह जीत के प्रति आश्वस्त नहीं। शायद महाराष्ट्र की तरह झारखंड में भी लोकसभा चुनाव में लगा झटका इसका कारण हो। कांग्रेस और राजद की उदारता से विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए वामपंथियों को भी साथ लेने में सफल हो गया है। गैर आदिवासी क्षेत्रों में भाजपा की बेहतर स्थिति के बावजूद माना जा रहा है कि सत्ता की जंग में आदिवासी बहुल विधानसभा सीटें निर्णायक साबित हो सकती हैं। ध्यान रहे कि लोकसभा चुनाव में आदिवासी बहुल सभी पांच सीटों पर आइएनडीआइए जीत हासिल करने में सफल हो गया था। शायद इस बार घुसपैठ के मुद्दे से समीकरण बदल जाएं।

भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था : नवाचार को बढ़ावा देना और भविष्य को आकार देना

अश्विनी वैष्णव

''आप पूरी दुनिया में भारत के डिजिटल एम्बेसडर/प्रतिनिधि हैं। आप वोकल फॉर लोकल के ब्रांड एंबेसडर हैं।'' इस साल के शुरू में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रथम राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार (नेशनल क्रिएटर अवार्ड) प्रदान करते समय कहे गए ये प्रेरक शब्द भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था की परिवर्तनकारी भूमिका को उजागर करते हैं। आज, हमारे रचनाकार केवल कहानीकार नहीं हैं, वे राष्ट्र का निर्माण कर भारत की पहचान को आकार दे रहे हैं और वैश्विक स्तर पर इस क्षेत्र की गतिशीलता का प्रदर्शन कर रहे हैं।

गोवा में आज 55वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) का आरंभ हो रहा है, जिसका मुख्य आकर्षण इसकी थीम 'युवा फिल्म निर्माता-भविष्य अब है'। अगले आठ दिनों में, आईएफएफआई सैकड़ों फिल्मों का प्रदर्शन करेगा, फिल्म क्षेत्र के दिग्गजों के साथ संवाद भी आयोजित करेगा और इसमें वैश्विक सिनेमा में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। वैश्विक और भारतीय सिनेमाई उत्कृष्टता का यह संगम भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को नवाचार, रोजगार और सांस्कृतिक कूटनीति के एक केंद्र के रूप में व्यक्त करता है।

भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था का प्रसार

भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था 30 बिलियन डॉलर के उद्योग के रूप में सामने आई है, जो सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 2.5 प्रतिशत का योगदान देती है और 8 प्रतिशत कार्यबल को रोजगार प्रदान करती है। सिनेमा, गेमिंग, एनीमेशन, संगीत, प्रभावशाली मार्केटिंग और अन्य गतिविधियों को समाहित करने वाला यह क्षेत्र भारत के सांस्कृतिक परिदृश्य की जीवंतता को दर्शाता है। 3,375 करोड़ रुपये मूल्य वाले एक प्रभावशाली मार्केटिंग क्षेत्र और 200,000 से अधिक पूर्णकालिक सामग्री निर्माताओं के साथ, यह उद्योग भारत की वैश्विक आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने वाली एक गतिशील शक्ति है। गुवाहाटी, कोच्चि और इंदौर और अधिक से अधिक शहर विशेष रूप से रचनात्मक केंद्र बन रहे हैं, जो विकेंद्रीकृत रचनात्मक क्रांति को बढ़ावा दे रहे हैं।

भारत के 110 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता और 70 करोड़ सोशल मीडिया उपयोगकर्ता रचनात्मकता के इस लोकतंत्रीकरण को आगे बढ़ा रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म और ओटीटी सेवाएं रचनाकारों को विश्व स्तर पर दर्शकों से सीधे जुड़ने में सक्षम बनाती हैं। क्षेत्रीय सामग्री और स्थानीय स्तर की कहानी कहने की लोगों की प्रतिभा ने कथा को और विविधता प्रदान की है, जिससे भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था वास्तव में समावेशी बन गई है।

ये सभी कंटेंट क्रिएटर आर्थिक स्तर पर अभूतपूर्व सफलता प्राप्त कर रहे हैं, जिनके दस लाख से ज़्यादा फ़ॉलोअर्स हैं और वे प्रति माह 20,000 से 2.5 लाख रुपये तक कमा रहे हैं। यह व्यवस्था आर्थिक रूप से लाभकारी है और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और सामाजिक प्रभाव के लिए एक मंच भी है।

विभिन्न आयामों पर प्रभाव

रचनात्मक अर्थव्यवस्था का गहरा प्रभाव है जो सकल घरेलू उ?पाद के विकास से कहीं आगे तक विस्तारित है। यह पर्यटन, आतिथ्य और प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों के सहायक उद्योगों को काफी प्रभावित करता है। इसके अलावा, डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म उपेक्षित लोगों की आवाज भी मजबूती से उठाता है। यह सामाजिक समावेशन, विविधता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को भी समृद्ध करता है। कथ्य प्रस्तुत करने की अपनी कला द्वारा भारत ने बॉलीवुड से लेकर क्षेत्रीय सिनेमा तक अपनी वैश्विक सॉफ्ट पावर को मजबूती दी है, जो विश्व मंच पर प्रचुर सांस्कृतिक भाव प्रदर्शित करता है। यह क्षेत्र वैश्विक स्थिरता लक्ष्यों के साथ भी जुड़ा है, जिसमें पर्यावरण अनुकूल उत्पादन पद्धतियों और फैशन के क्षेत्र में टिकाऊ प्रक्रियाओं का दय शामिल है, जो पर्यावरण के प्रति जागरूकता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सरकार की परिवर्तनकारी पहल

भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को वैश्विक मंच पर उच्च स्थान पर पहुंचाने के लिए सरकार तीन प्रमुख स्तंभों पर प्राथमिकता से ध्यान दे रही है: प्रतिभा संकलन और उनकी क्षमता बढ़ाना, सृजनकारों के लिए बुनियादी ढांचा सुदृढ़ करना और फिल्म कथ्य शिल्प को सशक्त बनाने की प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना। यह दृष्टिकोण भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) की स्थापना नवरचना और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाता है। आईआईसीटी का उद्देश्य भारतीय सृजनकार - चाहे वे सिनेमा, एनीमेशन, गेमिंग या डिजिटल कला क्षेत्र के हों, उन्हें घरेलू स्तर पर और एक एकीकृत सांस्कृतिक शक्ति के रूप में तथा वैश्विक मनोरंजन के क्षेत्र में अग्रणी बनाना सुनिश्चित करना है। फिल्म निर्माण में नवीनतम तकनीकों को अपनाकर, संवाददात्मक मनोरंजन और अपने सम्मोहन के साथ भारत मनोरंजन सामग्री निर्माण का भविष्य फिर से परिभाषित कर रहा है।

विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) देश को कंटेंट निर्माण और अनूठे विचार के साथ वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने की ऐतिहासिक पहल है। डब्ल्यूएवीईएस एक गतिशील मंच है जहां सृजनकार, इस उद्योग के अग्रणी और नीति निर्माता ऑडियोविजुअल और मनोरंजन क्षेत्रों के भविष्य को आकार देने के लिए साथ मिले हैं। प्रधानमंत्री की क्रिएट इन इंडिया भविष्य दृष्टि के अनुरूप, यह सम्मेलन इस क्षेत्र में आपसे सहयोग को बढ़ावा देता है, साथ ही भारत की रचनात्मक क्षमता का प्रदर्शन कर वैश्विक भागीदारों को अपने से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करता है।

क्रिएट इन इंडिया चैलेंज भारत की सृजनात्मक अर्थव्यवस्था (क्रिएटर इकोनॉमी) की अपार संभावनाओं को उजागर करने के लिए डिज़ाइन की गई एक अग्रणी पहल है। वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) की तैयारी के हिस्से के रूप में शुरू की गई इन चुनौतियों का उद्देश्य एनिमेशन, गेमिंग, संगीत, ओटीटी कंटेंट और इमर्सिव स्टोरीटेलिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में प्रतिभाओं को प्रेरित और सशक्त बनाना है। 14,000 से अधिक पंजीकरणों और स्टार्टअप्स, स्वतंत्र रचनाकारों और उद्योग के पेशेवरों की सक्रिय भागीदारी के साथ, यह पहल भारत की अभिनव भावना को प्रदर्शित करती है।

आगे की राह: भारत को दुनिया तक ले जाना

जब हम आईएफएफआई में सिनेमाई प्रतिभा के इस आठ दिवसीय उत्सव की शुरुआत कर रहे हैं, तो संदेश स्पष्ट है- भारत के रचनाकार वैश्विक रचनात्मक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। भारत सरकार नीतिगत सुधारों, बुनियादी ढांचे के विकास और नवाचार के लिए प्रोत्साहन के माध्यम से इस क्षेत्र का समर्थन करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

हमारे रचनाकारों के लिए, कार्रवाई का आह्वान सरल लेकिन गहरा है : 5प्रतिशत, वर्चुअल प्रोडक्शन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाएं। ऐसे प्लेटफ़ॉर्म का लाभ उठाएं जो भौगोलिक बाधाओं को पार करते हैं और ऐसी कहानियाँ बताते हैं जो भारत की अनूठी पहचान को दर्शाते हुए वैश्विक स्तर पर गूंजती हैं।

भविष्य उन लोगों का है जो नवाचार करते हैं, सहयोग करते हैं और सहजता से सृजन करते हैं। आइए भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था प्रेरणा का प्रतीक बने, आर्थिक विकास, सांस्कृतिक कूटनीति और वैश्विक नेतृत्व को आगे बढ़ाए। आइए हम साथ मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हर भारतीय रचनाकार एक वैश्विक कहानीकार बने और भविष्य को आकार देने वाली कहानियों के लिए पूरा विश्व भारत की ओर देखे।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री, नई दिल्ली

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम - 317 : अनेक नदियों को पार कर श्री राम का रथ कौशल राज्य की सीमा पर पहुंचा

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

श्री राम का रथ गतिमान है और मार्ग में गोमती व गंगा की अनेक सहायक नदियों के दर्शन हो रहे हैं और उन्हें पार कर वे गंगा नदी की ओर बढ़ रहे हैं। मार्ग में वद्रथी नदी (वर्तमान नाम सकरनी नदी) को पार करने के बाद गोमती से दक्षिण में लगभग एक योजन की दूरी पर स्यंदिका नदी (वर्तमान सई नदी) के दर्शन हुए। नदी के तट की रेत में एक स्थान पर शिवलिंग की आकृति का आभास हुआ और श्री राम रथ से उतर पड़े।

''देखो सीते! यह स्थान श्री शिव जी की आराधना के लिए प्रेरित कर रहा है। आपने मार्ग में गिरिजा देवी की पूजा की थी और अब शिव जी को स्मरण करने का समय है।''

रथ से नीचे उतरकर श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी ने रेत की सतह पर आसन बिछाया। श्री राम ने रेत की उस आकृति को शिवलिंग का स्पष्ट आकार दिया। लक्ष्मण जी नदी का जल ले आए। इस जल से अभिषेक किया गया। लक्ष्मण जी के पास कुछ पुष्प थे। सभी ने पुष्प अर्पित किए। सभी इसके बाद पुनः रथ पर आरूढ़ होकर इस नदी को पार करके आगे बढ़े। मार्ग में एक छोटी नदी कलेवातारा (वर्तमान नाम बकुलाही नदी) के तट पर सभी ने कलेवा (अल्प आहार) ग्रहण किया।

रथ के थोड़ा आगे बढ़ने पर कौशल राज्य की सीमा दिखाई दी। दो अलंकृत काष्ठ स्तंभों पर आकाश की सीमा छूते से क्षैतिज मंडप के ठीक मध्य में सूर्य देव की आकृति है। स्वर्ण निर्मित यह आकृति कौशल राज्य के वैभव का एक छोटा सा प्रतीक है। दोनों स्तंभों पर अयोध्या का राजध्वज लहरा रहा है। इस केसरिया ध्वज के स्तंभ की ओर कोविदार वृक्ष अंकित है और सामने की ओर जाज्वल्यमान सूर्य देव। यह अयोध्या राज्य का दक्षिणी प्रवेश द्वार है,जहां अनेक राज प्रहरी अपने कर्तव्य का पालन कर रहे हैं।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -241

(भागवत साह)

बाएं से दाएं
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए, प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 240 का हल

प	सं	द		सिं	हा	स	न	
ख		म	ज	दू	र		का	म
वा	द	क		र		सं	ब	ल
ड़		ल	ज्ञा		म	स्का		य
	बा			बि	हा	र		
सु	धा	क	र		न			औ
रं		म		कि	ता	ब		स
ग		अ	र	सा		हु	ज्ज	त
	श	क्ल		न	मि	त		न

सू- दोकू क्र.241

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.240 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1

राशिफल

मेष
आज आपको ऑफिस में अपने आसपास के लोगों से थोड़ा संभलकर रहने की जरूरत है। वे आपका काम बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं। आज किसी भी काम में बड़ों की सलाह लेना बेहतर रहेगा। आप अपने जीवनशैली में कुछ बदलाव करेंगे, ये बदलाव आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

वृषभ
आज कारोबार से जुड़े रुके हुए जरूरी काम पूरे होने की संभावना है। लोगों से कुछ नई बात सीखेंगे। जीवनसाथी की अपेक्षाएं पूरी होंगी। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको किसी अजनबी लोगों पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाएं रखने की जरूरत है।

मिथुन
आज आप किसी नए काम को करने की सोचेंगे। करियर के मामले में चीजें बेहतर होने के आसार हैं। आज सेहत के प्रति आपको थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है। फ़ास्ट फ़ूड खाने से आपको बचना चाहिए। किसी बड़ी डील को करने से पहले आपको सोच-समझकर ही आगे बढ़ना चाहिए।

कर्क
आज कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके करियर के लिए मददगार रहेंगे। आप परिवार वालों की इच्छा पूरी करेंगे, जिसमें आपको सफलता मिलेगी। आज आपके कुछ नए दोस्त बनेंगे। आपको कुछ नये बिजनेस प्रपोजल मिल सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्तों में मधुरता बरकरार रहेगी।

सिंह
आज इनकम के नए सोर्स प्राप्त होंगे। आपको व्यापार में उम्मीद से कुछ कम ही लाभ होगा। कुछ मामलों में साथ काम करने वाले लोगों से सहयोग नहीं मिल पायेगा। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज ऑफिस में काम का बोझ थोड़ा बढ़ सकता है।

कन्या
आज आपको कोई अच्छी खबर मिलेगी। ऑफिस में कोई नया काम मिलेगा, जिसे आप पूरा करने में सफल रहेंगे। शाम को परिवार वालों के साथ मौज-मस्ती में समय बिताएंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान करेंगे। प्लान सफल रहेगा।

तुला
आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा। आज आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी। आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। आप अपने लक्ष्य के बारे में विचार करेंगे।

वृश्चिक
आज जीवनसाथी के साथ समय बितायेंगे। कार्यक्षेत्र में लोगों से पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आज इनकम के नए रास्ते खुलेंगे। बच्चे माता-पिता के साथ मंदिर जाएंगे। बायोलॉजी स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतर रहने वाला है। आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आपको अचानक से कुछ ऐसा हासिल हो सकता है।

धनु
आज आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। खासतौर पर साइंस से जुड़े छात्रों के लिए फायदेमंद रहेगा। माता-पिता के साथ रिश्ता बेहतर होंगे। आज कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होने की संभावना है। आप परिवार वालों के साथ मनोरंजन के लिए किसी ट्रिप का प्लान बनायेंगे।

मकर
आज आय के नए स्रोत सामने आयेंगे। ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग प्राप्त होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता आयेगी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपको लाभ के कुछ अवसर प्राप्त होंगे। सुबह उठकर जॉगिंग पर जाने से दिनभर खुद को तरोताजा महसूस करेंगे।

कुंभ
आज दोस्त आपसे किसी काम के लिए मदद मांग सकते हैं। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी। किसी नयी तकनीक के द्वारा आपके व्यापार में वृद्धि होने की संभावना है। साथ ही उत्पादन कार्य भी बढ़ सकता है। अपने पार्टनर के साथ आप डिनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे। संतान सुख की प्राप्ति होगी।

मीन
आज किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहन का सपोर्ट मिलेगा। अपने परिवार वालों के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। आज आप खुद को उर्जावान महसूस करेंगे। करियर में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। हर जगह आपकी प्रसंशा होगी। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिए लाभकारी होगी।

सामयिक चर्चा

गिरफ्तारी का कारण

खबर पढ़कर, खुश होकर,
बानी बोले- ''यह अच्छा हुआ गजाधर!
कि सीबीआई ने छत्तीसगढ़
लोक सेवा आयोग की
राज्य सेवा भर्ती परीक्षा 2021 के
घोटाले मामले में पूर्व पीएससी अध्यक्ष
टामन सिंह सोनवानी को
गिरफ्तार कर लिया।
इसके साथ ही गजाधर!
बहू-बेटे को डिप्टी कलेक्टर बनाने के लिए
पैंतालीस लाख रिश्वत देने के आरोप में
बजरंग पावर एवं इस्पात लिमिटेड के
निर्देशक श्रवण कुमार गोयल को भी
गिरफ्तार किया।
तो गजाधर! ऐसे बड़े-बड़े लोगों की
गिरफ्तारी के पीछे कारण का,
क्या है सच?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-''बानी!
कारण? वो तो है- ''धन, दौलत
और पद-प्रतिष्ठा का लालच।''

गिरीश बख्शी

कविता

// सरहद की बात //

सर गिराए मैंने इतने!
तुमने काँटे कितने?
सरहदों में बस बात यही।
टूट पड़ूँगा कल देखना
भले यह अंतिम रात सही।
सीने में निशान तिल का है,
गर बम के जद में आ जाऊँ।
और निशानियाँ याद रहे
सुन यारा! गर मिल पाऊँ।
पता क्षत-विक्षत अंगों को,
पन्नियों में समेटा जाता।
कभी सिर न मिल पाते तो
पाँव कभी न मिल पाता।
खंदक में कईयों दिन तो
दलदल में कई-कई रातें।
बनती अंत में वर्दी कफन,
हिमखण्डों में जिंदा दफन।
राष्ट्र प्रथम, घर अंतिम
बस ऐसी ही कुछ बातें।
जूनून जजबा तब आता,
जीने की आरजू मारा जाता।
आँसू लेने जन-जन खड़ा,
तब महान वह देश बड़ा।
तूने कहा यही यकीनन
आखिर अन्तिम बात यही।

रोशन साहू ''मोखला''
राजनांदगांव
7999840942

बाल गीत

// हे जग के सिरजइया //

हे जग के सिरजइया!
मैं तोला मुँड़ नवावँव।
धरती अउ अगास बनाये।
चांद अउ सुरुज सजाये।
हे चमकत चंदैनी के उजरइया !
मैं तोला मुँड़ नवावँव।
खड़े हिमालय आय तोर।
गंगा म जल बोहाय तोर।
हे उफनत सागर के लहरइया!
मैं तोला मुँड़ नवावँव।
कोइली के कंठ बिराजे तैं।
तितली ला सुंदराये तैं।
हे फूल म रंग भरइया!
मैं तोला मुँड़ नवावँव।

टीकेश्वर सिन्हा
''गब्दीवाला''

किसान घनश्याम साहू ने राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की सराहना की

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र उपरवाह में बेचने आए ग्राम उपरवाह के किसान श्री घनश्याम साहू ने राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की सराहना की। किसान श्री घनश्याम ने बताया कि वे मोबाईल एप्प से ऑनलाईन टोकन कटाकर धान उपार्जन केन्द्र उपरवाह में 18 क्विंटल धान विक्रय किया है। उन्होंने बताया कि शासन की नई व्यवस्था ऑनलाईन टोकन तुंहर हाथ एप्प और धान खरीदी केन्द्र में इलेक्ट्रानिक तौल मशीन उपलब्ध होने से उनका शीघ्रता एवं आसानी से धान खरीदी हो पाया इसके साथ-साथ धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता से हुआ है। उन्होंने बताया कि धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर उनके खाते में 41 हजार 400 रूपए राशि प्राप्त हो गई। उन्होंने इस नई व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यह किसानों के लिए अत्यंत लाभदायक है। इससे किसानों का श्रम और समय की भी बचत हो रही है। श्री घनश्याम ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि किसानों के वास्तविक उपज का एक-एक दाना खरीदने के लिए शासन द्वारा धान उपार्जन केन्द्र में अच्छी व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों के वास्तविक जरूरतों और उनके मेहनत का सम्मान करते हुए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रूपए में प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदने का निर्णय सराहनीय है। शासन धान उपज की बहुत अच्छी कीमत दे रही है। उन्होंने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र में किसानों के लिए पेयजल, छांव, स्वास्थ्य सुविधा जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, केसीसी, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड जैसी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से मिल रहा लाभ

किसान घनश्याम ने बताया कि उनके पास सवा दो एकड़ जमीन है। जिसमें वे खरीफ सीजन में धान और रबी मौसम में साग-सब्जी, चना और गेंहू की खेती करते हैं। जिससे अच्छी आमदनी हो जाती है। उन्होंने बताया कि दो वेरायटी के धान की खेती किया है और अच्छी उपज हुई है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य में धान खरीदने से उनको स्टोरेज की समस्या नहीं होती है। अब वे खलिहान से सीधे धान उपार्जन केन्द्र में ला लेते हैं। गांव में सोसायटी होने से उन्हें परिवहन में कोई समस्या नहीं होती है। श्री घनश्याम ने बताया कि उनके दो बच्चे हैं। बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए और घर खर्च के लिए राशि व्यय करने की बात कही। उन्होंने बताया कि थोड़ी-थोड़ी राशि बचाकर वे जमीन खरीद रहे है। आज उसी जमीन पर खेती कर बच्चों की अच्छी शिक्षा और अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि वे खेती-किसानी के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और किसान केडिट कार्ड से भी लाभ ले रहे हैं।

घनश्याम ने बताया कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य में धान खरीदी के लाभ के साथ-साथ उनकी पत्नी को महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह एक हजार रूपए मिल रहा है। खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत उन्हें प्रति माह निःशुल्क राशन मिल रहा है। स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाया है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी का दो बार डिलीवरी के समय निजी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क ईलाज हुआ है और उनकी मां के आंखों का ऑपरेशन भी आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क हुआ है। इसके साथ ही वे शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। श्री घनश्याम ने कहा कि जनसामान्य के लिए संचालित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनएं अत्यंत लाभकारी है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

नगरीय निकाय चुनाव में आदिवासी समाज के आरक्षण को बढ़ाने की मांग को लेकर चिचोला हाइवे में चक्काजाम

आम राहगीर ने अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस चौकी चिचोला में प्रकरण दर्ज कराया

डोंगरगढ़(दावा)। प्रार्थी रूपेश्वर साहू ने पुलिस को बताया कि,वह रामपुर खातूटोला पुलिस चौकी चिचोला का रहने वाला है। ड्रायवरी का कार्य करता है। दिनांक 18 नवंबर को दोपहर करीबन 3.30 बजे मैं और मेरा दोस्त श्रवण लाउत्रे दोनों अपने निजी काम से पाटेकोहरा से अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी-04/सीडब्ल्यू 0732 सीडी डिलक्स से राजनांदगांव जा रहे थे कि, रास्ते में नेशनल हाईवे 53 मेन रोड छुरिया मोड़ रामपुर के पास पहुंचे थे। जहां पर आदिवासी समाज के लोगों द्वारा रैली निकाली गई थी। जिसमें से 100 से ज्यादा अज्ञात महिला-पुरुष लोगों द्वारा एक राय होकर आवागमन को बाधित कर बैठकर नेशनल हाईवे को चक्का जाम कर दिये थे। जिनमें बैठे लोगों से चक्काजाम के संबंध में पूछने पर नगरीय निकाय चुनाव में आदिवासी समाज का आरक्षण को बढ़ाने की मांग को लेकर चक्काजाम करना बताए। चक्काजाम करने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया था और आने जाने वाले वाहन चालकों एवं यात्रियों को काफी परेशानी हो रही थी। सड़क पर दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतारें लग जाने से काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा है। इसलिए चक्काजाम कर रहे अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट कर रहा हूं। पुलिस द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।

पहला कॉलम...

गुपचुप, पकौड़े, पोहा बड़ा और वाइनीज भेल के स्टॉल लगाए

हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चेंदरीबन नवागाँव में भव्य बाल मेला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति में बाजे-गाजे, मड्डई के साथ गांव का भ्रमण किया गया। इसके बाद स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के पावन तैल चित्र पर अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना करके सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्कूली बच्चों के द्वारा 6 सांस्कृतिक कार्यक्रम से समस्त ग्रामवासी आनंदित हुए। बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्टॉल लगाये गये। गांव में त्यौहार मना कर बाल मेला में सम्मिलित होकर के बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर में कोमलचंद आर्य माध्यमिक प्रधान पाठक, चंद्रभूषण साहू प्राथमिक प्रधान पाठक, गोमती पटेल, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, नीलम साहू, चैतन्य देवांगन, चमेली देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर, टीकम निषाद, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, धन सिंह वासनिक, अंकालू पटेल, श्रवण साहू, टिकाईत रावटे, रैनू साहू, नरेंद्र शांडिल्य, तेजराम साहू, ढाल सिंह हिरवानी कृष्णा ठाकुर, भूपेंद्र साहू, चमेली साहू, रीना साहू, मुगेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

कार चालक ने खड़ी स्कूटी पर चढ़ाई कार, स्कूटी क्षतिग्रस्त सवार घायल

डोंगरगढ़ (दावा)। शहर के वार्ड नंबर 01 निवासी, 40 वर्षीय प्रशांत ठाकुर पिता रामचंद्र ठाकुर ने पुलिस को बताया कि, तहसील कार्यालय छुरिया में पटवारी के पद पर पटवारी हल्का नंबरी 29 कछू बंजारी में कार्यरत हूं, दिनांक 18 नवंबर को मैं डियूटी जाने के लिये अपने टीव्हीएस ज्युपीटर स्कूटी क्रमांक सीजी 08 एएस 9631 से अपने घर डोंगरगढ से छुरिया जा रहा था। ग्राम रामाटोला के पास पहुंचकर रोड किनारे चिकन दुकान के पास कुछ समय के लिये रूका था। तभी करीब 11:30 बजे डोंगरगढ तरफ से आ रही मारूति आर्टिगा कार क्रमांक सीजी-07/सीएच 2034 के चालक अपनी वाहन को तेज गति से लापरवाही पूर्वक उतावलेपन में चलाकर टीव्हीएस ज्युपीटर स्कूटी को पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

15 वें वित्त की राशि से कराये गये निर्माण कार्यो का भुगतान नहीं

सरपंच एवं उपसरपंच ने कलेक्टर से लगाई गुहार

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम पंचायत लाल बहादुर नगर के सरपंच व उप सरपंच इन दिनों कुछ अजीब कसमकस में फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि हमें अब तक 15वें वित्त की राशि अप्राप्त है। श्रीमती सोनी ने बताया कि वह विगत 11 फरवरी 2020 से ग्राम पंचायत लाल बहादुर नगर में सरपंच पद पर कार्यरत है, उन्हें 15 दिन पहले ही ज्ञात हुआ कि शासन द्वारा विगत माह से ग्राम पंचायत को पदोन्नति कर नगर पंचायत बनाया गया है जबकि यहां लगभग 7500 की आबादी है। यहां शासन द्वारा प्राप्त अनुदान एवं पंचायत की आय से नल जल, विद्युत लाइट, सेग्रीगेशन, ग्रामीणों की मांग के अनुरूप अन्य मूलभूत सुविधा प्रदान की जाती है किंतु 15वें वित्त की राशि आज दिनांक तक नहीं मिला है जिससे पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों का भुगतान नहीं हो पा रहा है जिसे लेकर विभिन्न दुकानदारों में वसूली हेतु दबाव बनाया जा रहा एलबी नगर का मामला है। सरपंच द्वारा भी वर्तमान में ग्राम के मूलभूत समस्याओं का निराकरण करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। इसके पूर्व भी तहसील कार्यालय के रिनोवेशन का कार्य ग्राम पंचायत द्वारा तत्कालीन कलेक्टर डोमन सिंह के मौखिक आदेश के कारण कराया गया था जिसकी राशि आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुई है। इस संबंध में 30 सितंबर तथा 4 अक्टूबर को कलेक्टर को आवेदन देकर 15 वें वित्त की राशि भुगतान हेतु निवेदन किया जा चुका है किंतु आज तक कार्यवाही शून्य है। श्री सोनी ने जिलाधीश से ग्राम पंचायत बनने के पूर्व की राशि ग्राम पंचायत को दिलाने की मांग की है जिससे कि ग्राम में बिजली, पानी, सड़क जैसे मूलभूत सुविधा सुचारू रूप से चल सके। श्रीमती सोनी ने यह भी बताया कि यदि इस ओर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो ग्रामीण उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे जिसकी सारी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

खुज्जी विधायक भोलाराम साहू विभिन्न कार्यक्रम में शामिल हुए

खुज्जी (दावा)। ग्राम किरगी (खुर्सीपार) निवासी केवल राम साहू के यहां नव निर्मित मकान के गृह प्रवेश एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम में लोकप्रिय विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। श्री साहू जी ने नवजात शिशु को आशीर्वाद व नवनिर्मित मकान के गृह प्रवेश पर माता-पिता एवं पूरे साहू परिवार बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

गंडई में 2 दिसम्बर को संत नामदेव की 754वीं जयंती मनाई जायेगी

गंडई पंडरिया (दावा)। संत शिरोमणी नामदेव महाराज की 754 वीं जयंती मनाने के लिए गंडई में बैठक का आयोजन दिनाक 18 नवम्बर रात्रि 8 बजे श्रीराम मंदिर पंडरिया में किया गया। उक्त बैठक में गंडई के नामदेव समाज ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए नामदेव जयंती मनाने के लिए तिथि तय किया जिसमें दिनांक 2 दिसम्बर दिन सोमवार को गंडई में संत नामदेव की जयंती मनाए जाने की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया इस दौरान गंडई नामदेव समाज के युवा अध्यक्ष अजय नामदेव ने अपना विचार रखते हुए जयंती को लेकर विभिन्न विषयों पर अपना विचार रखा वही समाज के पूर्व युवा अध्यक्ष देवनरायन उर्फ सोनू नामदेव ने पूर्व में हुए जयंती पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान में किये जाने वाले जयंती को लेकर रूप रेखा बनाने समाज के लोगो के सामने बाते रखी। बैठक के दौरान तय किया गया कि 2 दिसम्बर को गंडई में नामदेव जयंती मनाया जाना है, जिसमें नामदेव मंच वार्ड 02 में सत्यनारायण पूजा अश्वनी नामदेव द्वारा किया जाएगा। दोपहर 3 बजे सुमधुर भजनों के साथ रैली निकाली जाएगी।शाम 6 बजे समाज के बच्चें, महिलाएं एवं अन्य लोगों के लिए प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरुष्कार प्रवीण नामदेव द्वारा अपने पिता स्व. नारायण नामदेव की स्मृति में प्रदान किया जाएगा। ऐसे ही समाज के वरिष्ठजनों के सम्मान के लिए श्रीफल का व्यवस्था प्रशांत नामदेव द्वारा किया जाएगा।

बुजुर्गों के सम्मान के लिए शाल की व्यवस्था मनोज उर्फ सोनू नामदेव द्वारा किया जाएगा। इसी दौरान तय किया गया कि उक्त जयंती के कार्यक्रम में गंडई के गौरव डॉक्टर पीसी लाल यादव का भी सम्मान समाज द्वारा उक्त कार्यक्रम में किया जाएगा। बैठक के दौरान समाज के नरेश नामदेव, प्रमोद नामदेव, सुनील नामदेव, विवेक नामदेव, मनोज नामदेव, ओमकार नामदेव, दीनू नामदेव, आयुष नामदेव, संतोष नामदेव, पवन नामदेव, मलय नामदेव, विक्की नामदेव, मनोज उर्फ गोलू नामदेव, तामेश्वर नामदेव, शिवेंद्र नामदेव, ज्ञानेंद्र नामदेव, देवेंद्र नामदेव, आशीष नामदेव, विनोद नामदेव सहित समाज के अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

दीवानझिटिया के सैकड़ों किसान पहुंचे एसडीएम कार्यालय

डोंगरगाँव (दावा)। अनुभाग क्षेत्र के ग्राम दीवानझिटिया में लगभग 200 सौ एकड़ की धान कटाई में हो रहे परेशानी को लेकर सैकड़ों किसान एसडीएम कार्यालय पहुंचे और अपनी दिक्कतों को साझा किया. इस किसानों में बड़ी संख्या में महिलाएँ भी शामिल थी. किसानों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दीवानझिटिया निवासी फिरतुराम यादव नामक किसान ने अपने खेत में धान कटाई कर अपने खेत में घेरा कर दिया है जिससे आगे के किसानों का रास्ता बंद हो गया है. इसे लेकर विगत दिनों डोंगरगांव से तहसीलदार, रेवेन्यु इंस्पेक्टर और पटवारी की टीम ने इस किसान को समझाईश दी थी और इस पर आपसी सहमति भी बनी थी किन्तु धान कटाई के लिए उक्त किसान ने अपने खेत से रास्ता बंद कर दिया है, चूंकि फिरतुराम यादव का खेत के पीछे अनेक किसानों की जमीनें मौजूद हैं और सभी खेतों में धान की पकी खड़ी फसल है. आवागमन का रास्ता बंद होने से ग्राम के अन्य सभी किसान परेशान हैं और इसकी शिकायत लेकर डोंगरगांव तहसीलदार के पास पहुंचे थे, जहाँ आवेदन निवेदन कर एसडीएम कार्यालय में भी आवेदन दिया है. उक्त किसान के विषय में शासकीय गौठान जमीन के बाऊंड्रीवॉल के अंदर अवैध कब्जा की शिकायत भी इस आवेदन में किया गया है. बता दें कि महीनों से मेहनत कर सभी किसान धान की पैदावार किये हैं और अब फसल काटने और बेचने की बारी आयी है, तो अधिकारियों और कार्यालयों के चक्कर लगाना पड़ रहा है, ऐसे में राजस्व अधिकारियों के कार्यप्रणाली पर अनेक सवाल खड़े होते हैं. समय रहते इस समस्या का निदान नहीं किया जाता है तो सैकड़ों किसानों की फसल बर्बाद होगी और उन्हें भूखे मरना पड़ेगा और ऐसी स्थिति में किसानों व्दारा उग्र आंदोलन किये जाने से भी इंकार नहीं किया जा सकता. दिये गए आवेदन में संबंधित किसान का सीमांकन कर अवैध कब्जा तोड़ने के लिए 24 घंटे के अंदर कार्यवाही की मांग की गई.

विश्व शौचालय दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

हमारा शौचालय, हमारा सम्मान थीम पर स्वच्छता के लिए चलेगा अभियान

मोहला (दावा)। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति शामिल हुई। जिला प्रबंधन समिति व स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एजेंसियों की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्व शौचालय दिवस का आयोजन 19 नवंबर से 10 दिसंबर तक किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर निर्धारित गतिविधियां निर्धारित किया गया है। इस अवधि में आयोजित होने वाली गतिविधियां के संबंध में बताया गया कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र दिया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर बेस्ट व्यक्तिगत, पारिवारिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन एवं ब्लॉक जिला स्तर पर बेस्ट सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदि में सामुदायिक शौचालय की उपलब्धता की स्थिति का आकलन एवं शौचालय उपलब्ध न होने व शौचालय निर्माण की राशि संबंधित विभाग में उपलब्ध न होने की स्थिति में सामुदायिक शौचालय के निर्माण हेतु एसबीएमजी, 15 वें वित्त, सी एस आर, डीएमएफ मद से स्वीकृत किया जाएगा। विभिन्न जल प्रदाय योजना के जल का परीक्षण किया जाएगा। जिसमें विशेष कर इकोलॉजी बैक्टीरिया की उपस्थिति का परीक्षण किया। इस अवधि में स्वच्छता ग्राहियों, सफाई मित्रों को जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। ओ डी एफ के स्थायित्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम पंचायत, ब्लॉक स्तरीय प्रतिनिधियों कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

उक्त गतिविधियों के आयोजन हेतु समय सीमा निर्धारित किया गया है। जिसमें 14 नवंबर से 18 नवंबर तक अभियान की तैयारी हेतु बैठक तथा क्रियाशील सामुदायिक शौचालय का चिन्हांकन सर्वेक्षण का डाटा आई एम आई एस में प्रवेश किया जाएगा। इसी प्रकार 19 नवंबर को जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन एवं अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। स्वच्छताग्राही, सफाई मित्रों को सम्मानित किया जाएगा। व्यक्तिगत शौचालय का स्वीकृत पत्र हितग्राहियों को वितरित किया जाएगा। 19 नवंबर से 5 दिसंबर तक सामुदायिक शौचालय के मरम्मत तथा रिफाइन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। व्यक्तिगत शौचालय एवं सामुदायिक शौचालय का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जिसमें वह आकर्षित एवं साफ सुथरे दिखे। 5 दिसंबर से 9 दिसंबर तक शौचालय की क्रियाशील में सुधार, पेंटिंग, सामुदायिक सहभागिता, बेस्ट शौचालय का आकलन हेतु सर्वेक्षण किया जाएगा। 10 दिसंबर को अभियान का समापन किया जाएगा, जिसमें बेस्ट शौचालय को अवार्ड दिया जाएगा। व्यक्तिगत शौचालय प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत से दो बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय का चुनाव किया जाएगा एवं उनके हितग्राहियों को सम्मानित किया जाएगा। दो बेस्ट शौचालय की जानकारी ब्लॉक स्तर पर भेजी जाएगी। प्रत्येक ब्लॉक से तीन बेस्ट शौचालय के हितग्राहियों को सम्मानित करते हुए उनकी जानकारी जिला स्तर पर भेजी जाएगी। जिला स्तर पर पांच बेस्ट शौचालय की हितग्राहियों को सम्मानित किया जाएगा।

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

खैरागढ़ (दावा)। केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ में 52 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी 2024-25 के विद्यालय स्तर के चरण का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्राचार्य अंजय कुमार ने किया। विद्यार्थियों ने जैविक कृषि ,परिवहन और संचार के साधन, आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर 15 से अधिक आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम की मुख्य प्रभारी सुश्री अनीषा सोनी (स्नातकोत्तर शिक्षिका जीवविज्ञान), निर्णायक की भूमिका में शिक्षकगण संजय कुमार रावटे, शैलेश कुमार एवं सुश्री पलक रहे तथा अन्य शिक्षकों ने प्रदर्शनी को सफल बनाने हेतु अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित मॉडलों में से श्रेष्ठ 07 मॉडल का चयन क्षेत्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी के लिए किया गया।

प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण प्राकृतिक पार्क और बहुभुज के कोण रहे, जिनमें प्रथम स्थान ईशा चंदेल व श्रेया चंदेल और द्वितीय स्थान नैतिक राजपूत व तृतीय स्थान चंचल वर्मा ने प्राप्त किया। प्राचार्य श्री अंजय कुमार ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्रदर्शनी ने छात्रों और दर्शकों को विज्ञान के प्रति प्रेरित किया।

डोंगरगढ़ से कटघोरा नई रेल लाइन परियोजना में किसानों को मिले तीन गुना मुआवजा व नौकरी - विष्णु लोधी

प्रभावित होने वाले भूमि स्वामियों द्वारा किया जा रहा है लगातार प्रदर्शन

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा डोंगरगढ़ से कटघोरा नई रेल लाइन परियोजना पर कई किसानों की जमीनों का पूरी तरह अधिग्रहण हो रहा है। यह न केवल उनकी आजीविका छीनने जैसा है, बल्कि उनके जीवन और भविष्य, संकट मय हो गया है। ऐसी परिस्थिति में सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि किसानों के साथ पूर्ण न्याय सुनिश्चित करें।

भोले-भाले किसानों को उनकी ही जमीन से वंचित कर दिया जाए। उनकी मेहनत और अधिकारों की अनदेखी की जाए। उन्हें उनकी ही मेहनत का उचित मुआवजा न मिले और पुनर्वास की कोई योजना न बनाई जाए। हमारी मांगें स्पष्ट हैं-प्रभावित किसानों को उनकी जमीन का तीन गुना मुआवजा अविलंब दिया जाए ।प्रत्येक प्रभावित परिवार के एक सदस्य को नौकरी की गारंटी दी जाए,किसानों को पुनर्वास और उनकी आजीविका के पुनर्निर्माण के लिए ठोस योजनाएं लागू की जाएं।सरकार को यह समझना होगा कि,किसानों की जमीन केवल उनकी आजीविका नहीं, बल्कि उनके जीवन का आधार है। उन्हें उनकी जमीन से वंचित करना उन्हें दर-दर भटकने पर मजबूर करना है। हम इस अन्याय को सहन नहीं करेंगे। यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह किसानों के अधिकारों की रक्षा करे और उनकी मांगों को तत्काल स्वीकार करे।आवश्यक कार्रवाई न होने पर,विष्णु लोधी ने कहा कि, यदि सरकार ने किसानों की मांगों को अनदेखा किया और उनके साथ अन्याय जारी रखा, तो किसानों के समर्थन में आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।

गंज चौक में जैन मुनि के नाम पर अहिंसा प्रवेश द्वार निर्माण कार्य शुरू

उपेंद्र मेडिकल स्टोर्स के सामने बन रहा भव्य अहिंसा प्रवेश द्वार

राजनांदगांव (दावा)। शहर में पुरानी गंज मंडी के नाम से मशहूर गंज चौक में इन दिनों जैनाचार्य श्री विद्यासागर जी के नाम से भव्य अहिंसा प्रवेश द्वार का निर्माण शुरु हो गया है। बता दें कि गत दिनों 16 अक्टूबर को गंज चौक का नामकरण करने हेतु महापौर हेमा देशमुख के मुख्य आतिथ्य एवं 108 श्री अगम सागर, पुनीत सागर तथा धैर्य सागर की विशेष उपस्थिति में लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया था। इसके पूर्व 6 अक्टूबर को गंज चौक में महापौर के हाथों अहिंसा द्वार का भूमिपूजन संपन्न किया गया था।

कार्तिक पूर्णिमा के मोहारा मेले वाले शुभ दिन से जैन समाज के अध्यक्ष अशोक झांझरी व जैन समाज सहित शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लाक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के देख-रेख में उक्त अहिंसा प्रवेश द्वार निर्माण का कार्य शुरू किया गया है।

सूत्रों की मानें तो गंज चौक में बन रहे उक्त अहिंसा प्रवेश द्वार के लिए निगम के एमआईसी व सामान्य सभा में प्रस्ताव पास नहीं हो पाया है और न शासन की ओर से स्वीकृत हुआ है। इसके बाद भी उक्त प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों के बीच बातें उठने लगी है।

जैन समाज व शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लाक के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने बताया कि ऐसी कोई बात नहीं है। सभी तरह से ओ के हो जाने के उपरांत उक्त भव्य द्वार का काम शुरू कराया गया है। जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गंज लाइन क्षेत्र में जैन समाज के लोगों की अधिकता व निकट ही दिगंबर जैन मंदिर होने की वजह से बहुत दिनों से चौक पर भव्य अहिंसा प्रवेश द्वार की मांग की जा रही थी। जो अब शीघ्र ही पूरा होने जा रहा है। इससे गंज चौक की सुंदरता सहित गरिमा और भी बढ़ जाएगी।

पहला कॉलम...

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास का बढ़ सकता है कार्यकाल

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को दूसरा कार्यकाल विस्तार मिलने की संभावना है। इसकी घोषणा महाराष्ट्र चुनाव के बाद हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय बैंक के गवर्नर का मौजूदा कार्यकाल 10 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। इस बीच उनके कार्यकाल को कम से कम एक और साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।अभी तक न तो किसी दूसरे उम्मीदवार पर विचार किया जा रहा है और न ही कोई चयन समिति बनी है। शक्तिकांत दास ने दिसंबर 2018 में आरबीआई का कामकाज संभाला था। यह वह दौर था जब केंद्र सरकार और आरबीआई के बीच संबंध तनावपूर्ण चल रहे थे।दास के नेतृत्व में कई चुनौतियां रही हैं। उन्होंने कोरोना महामारी से लेकर मुद्रास्फीति के दबाव और वैश्विक वित्तीय अनिश्चितताओं के दौरान अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने पर काम किया है।उनके कार्यकाल विस्तार से सरकार का उन पर भरोसा दिख रहा है। अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेना है। अगर शक्तिकांत दास के नाम पर मुहर लगती है तो वह 1960 के दशक के बाद से आरबीआई में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले गवर्नर बन जाएंगे।दास से पहले बेनेगल राम राव आरबीआई गवर्नर के रूप में सबसे ज़्यादा समय तक सेवा दे चुके हैं। राव ने 1949-1957 के बीच 7 साल से अधिक समय तक केंद्रीय बैंक का नेतृत्व किया था।दास ने 2023 में सामान्य 5 साल का सेवा कार्यकाल सीमा पार कर लिया था।

पाकिस्तान में 9 आतंकी ढेर, 8 सुरक्षाकर्मियों की भी गई जान

नई दिल्ली। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में 9 आतंकवादी और 8 सुरक्षाकर्मी मारे गए। इस मुठभेड़ में लश्कर-ए-इस्लाम के दो महत्वपूर्ण कमांडर भी मारे गए। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार देर रात सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई, जिसमें कम से कम 9 आतंकवादी और 8 सुरक्षाकर्मी मारे गए। यह मुठभेड़ खैबर जिले के तिराह मैदान घाटी में चलाए गए एक आतंकवाद-रोधी अभियान के दौरान हुई।

सूत्रों के अनुसार, इस अभियान के दौरान लश्कर-ए-इस्लाम के दो महत्वपूर्ण कमांडर भी मारे गए। मुठभेड़ में 7 सुरक्षाकर्मी और 6 आतंकवादी घायल हुए हैं। सुरक्षाबलों ने तीन अलग-अलग बिंदुओं पर अपनी तैनाती की थी और कई घंटों तक यह अभियान जारी रहा। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि इस अभियान में आस-पास के कुछ नागरिक भी घायल हो गए हैं। सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन तेज किया है। इस मुठभेड़ में हुई मौतों और घायलों की संख्या बढ़ भी सकती है, क्योंकि अभियान जारी है।

आग लगने से पांच महिला खिलाड़ी बाल-बाल बचीं

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय महिला चैंपियनशिप बीच में ही समाप्त कर दी क्योंकि टीम होटल में आग लगने की घटना में पांच खिलाड़ी बाल-बाल बच गईं। पीसीबी ने पांच प्रतिस्पर्धी टीम और टीम अधिकारियों के लिए होटल का एक पूरा तल बुक करा रखा था। एक सूत्र ने बताया कि जब आग लगी तो पांच खिलाड़ियों को छोड़कर बाकी सभी क्रिकेटर और अधिकारी या तो मैच या फिर नेट सत्र के लिए नेशनल स्टेडियम में थे। सूत्र ने कहा, जब आग लगी तब पांच खिलाड़ी अपने कमरों में थीं। इससे खिलाड़ियों और अधिकारियों की कुछ संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। पीसीबी ने एक बयान में कहा, टीम होटल में आग लगने की घटना के बाद पीसीबी ने कराची में राष्ट्रीय महिला एकदिवसीय टूर्नामेंट 2024-25 को खत्म करने का फैसला किया है।

सेंसेक्स-निफ्टी तेजी के साथ हुआ क्लोज

नई दिल्ली। मंगलवार के कारोबारी सत्र में भले ही भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ हो लेकिन दिन के हाई से सेंसेक्स 1000 अंक और निफ्टी 300 अंक जा लुढ़का. पूरे दिन बाजार में जो शानदार बढ़त गई वो आखिरी घंटे में गंवा दिया. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 240 अंकों के उछाल के साथ 77,578 अंकों पर क्लोज हुआ है जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 65 अंकों की उछाल के साथ 23,518 अंकों पर बंद हुआ है. आज के कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में 17 शेयर तेजी के साथ बंद हुए जबकि 13 में गिरावट देखी गई. निफ्टी के 50 शेयरों में 23 तेजी के साथ और 27 गिर बंद हुए. तेजी वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.07 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.90 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 1.82 फीसदी, टाइटन 1.58 फीसदी, सन फार्मा 1.46 फीसदी, टाटा मोटर्स 1.34 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.07 फीसदी, पावर ग्रिड 0.77 फीसदी, इंफोसिस 0.66 फीसदी, अडानी पोर्ट्स 0.59 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है.

जापान पर 3-0 की जीत से भारतीय महिला टीम सेमीफाइनल में

नई दिल्ली। मौजूदा चैंपियन भारत ने रविवार को महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के अपने अंतिम लीग मैच में जापान को 3-0 से हराकर जीत का सिलसिला जारी रखते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। शानदार फॉर्म में चल रहीं टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर दीपिका (47वें और 48वें मिनट) ने अंतिम क्वार्टर में दो-दो गोल दाग दिए जबकि उप-कप्तान नवनीत कौर ने 37वें मिनट में गोल कर भारत का खाता खोला था। इस जीत से भारत पांच मैचों में पांच जीत से 15 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है जबकि ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन (12 अंक) दूसरे स्थान पर है। भारत मंगलवार को सेमीफाइनल में चौथे स्थान पर रही जापान से भिड़ेगा जबकि चीन का सामना अंतिम-चार के दूसरे मैच में तीसरे स्थान पर काबिज मलयेशिया से होगा।टूर्नामेंट की शीर्ष गोल स्कोरर दीपिका ने अब तक चार मैदानी गोल, पेनल्टी कॉर्नर से पांच गोल और पेनल्टी स्ट्रोक्स से एक गोल से कुल 10 गोल दाग दिए हैं।

भारतीयों ने आठवें मिनट में लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन खिलाड़ी इन्हें भुना नहीं सकीं। भारत ने 13वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर प्राप्त किया लेकिन फिर से मौका गंवा बैठा। मेजबान टीम ने दबदबा जारी रखा और 25वें मिनट में चौथा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। लेकिन एक बार फिर जापान की गोलकीपर यु कुडो ने मौके का फायदा उठाया और तीन शानदार बचाव किए।छोर बदलने के एक मिनट बाद कुडो ने दीपिका का प्रयास रोककर फिर जापान की मदद की। भारत ने आखिरकार 37वें मिनट में नवनीत के शानदार रिवर्स हिट के जरिए बढ़त बना ली।

भारत ने 47वें मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और स्टार ड्रैगफ्लिकर दीपिका ने ताकतवर ड्रैगफ्लिक से गोल कर अपना खाता खोलाएक मिनट बाद भारतीयों ने एक और मौका बनाया जिस पर दीपिका ने ताकतवर फ्लिक से गोल दाग दिया और अंत में टीम ने मैच जीत लिया। भारतीय रक्षण को भी श्रेय दिया जाना चाहिए जिसमें उदिता और सुशीला चानू ने शानदार अगुआई की और उन्होंने जापानी खिलाड़ियों को भारतीय गोल पर एक भी शॉट नहीं लगाने दिया। कप्तान सलीमा टेटे, नेहा और शर्मिला देवी ने भी मिडफील्ड में शानदार प्रदर्शन किया। इन्होंने अपने शानदार ड्रिब्लिंगज् कौशल से अग्रिम पंक्ति के लिए कई मौ बनाए। दिन के अन्य मैचों में मलयेशिया ने थाईलैंड को 2-0 से हराया जबकि चीन ने दक्षिण कोरिया को समान अंतर से मात दी।

भारतीय टीम ने दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप से नाम वापस लिया

नई दिल्ली । भारतीय टीम ने दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप से नाम वापस ले लिया है। इंडिया टूडे की रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने की मंजूरी नहीं दी है। दृष्टिबाधित टीम को इसके लिए खेल मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल गई थी, लेकिन वह सरकार से मंजूरी का इंतजार कर रहा था। भारतीय दृष्टिबाधित संघ (आईबीसीए) के महासचिव शैलेंद्र यादव ने इस बात की पुष्टि है कि विदेश मंत्रालय ने टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति नहीं दी है और टूर्नामेंट से हटने को कहा है।

दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप का आयोजन 23 नवंबर से तीन दिसंबर तक पाकिस्तान में होना है। यादव ने साथ ही बताया कि उन्हें सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर मंजूरी नहीं देने का पत्र अभी प्राप्त नहीं हुआ है क्योंकि इस बारे में मौखिक रूप से बताया गया है। यादव ने कहा, हम पाकिस्तान जाने के लिए 25 दिनों से सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहे थे। अब हम ज्यादा इंतजार नहीं कर सकते क्योंकि टूर्नामेंट शुरू ही होने वाला है।

जब मैंने विदेश मंत्रालय में बात की तो बताया गया कि हमें पाकिस्तान जाने के लिए मंजूरी नहीं मिलेगी और हमें टूर्नामेंट से नाम वापस लेना होगा। उन्होंने साथ ही कहा कि इस बारे में आधिकारिक पत्र जल्द ही मिलेगा। हालांकि, हमें अभी तक पत्र नहीं मिला है, लेकिन जो मेरी विदेश मंत्रालय में बात हुई है, उस आधार पर हमने पाकिस्तान नहीं जाने का फैसला किया है और हम दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप में हिस्सा भी नहीं लेंगे।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफ़ी के लिए बंगाल की टीम में शामिल मोहम्मद शमी

नई दिल्ली। लगभग एक साल की लंबे चोट के बाद रणजी ट्रॉफ़ी में बेहतरीन वापसी करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफ़ी के लिए बंगाल की टीम में नामित किया गया है। यह टूर्नामेंट 23 नवंबर से शुरू हो रहा है, और बंगाल का पहला मुक़ाबला पंजाब के ख़िलाफ़ होगा।

इस बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफ़ी में बंगाल टीम की कप्तानी सुदीप घरामी के हाथों में होगी, जबकि रणजी ट्रॉफ़ी में कप्तानी अनुस्तुप मजूमदार ने संभाली थी।

शमी ने अपनी वापसी रणजी ट्रॉफ़ी के जरिए की थी, जहां उन्होंने मध्य प्रदेश के ख़िलाफ़ पहली पारी में चार और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए थे। यह प्रदर्शन उनकी फ़िटनेस और फ़ॉर्म में सुधार का संकेत माना जा रहा है। हालांकि चोट से उनकी रिकवरी उम्मीद से ज़्यादा समय ले गई, जिसके चलते उन्हें बांग्लादेश, न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ टेस्ट सीरीज़ से बाहर रहना पड़ा।

मध्य प्रदेश के ख़िलाफ़ जब पहले दिन शमी ने अपने हाथों में गेंद पकड़ी थी, तो वह कोई ख़ास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे। उस दिन उन्होंने कुल 10 ओवर की गेंदबाज़ी की थी और कोई विकेट नहीं ली। इसके बाद कई सवाल उठने लगे थे कि क्या वह पूरी तरह फ़िट थे? क्या उनकी टखने में परेशानी थी? क्या वह अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाज़ी कर रहे थे? क्या वह पूरी तीव्रता से गेंद डाल रहे थे? लेकिन उसके बाद वाले दिन शमी ने ऐसे कई प्रश्नों का जवाब देने का अच्छा प्रयास किया था। पहले दिन कोई विकेट नहीं लेने वाले शमी ने दूसरे दिन चार विकेट लिए, जिसके कारण बंगाल की टीम को मध्यप्रदेश के ख़िलाफ़ 61 रनों की अच्छी लीड हासिल करने में सफलता भी मिली।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम घोषित

नईदिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है।5 दिसंबर, 2024 से शुरू होने वाले 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम घोषित की है।शफाली वर्मा को इस सीरीज के लिए नहीं चुना गया है। उनके साथ-साथ श्रेयंका पाटिल भी टीम में अपनी जगह नहीं बना सकी हैं।आइए भारतीय टीम और कार्यक्रम पर एक नजर डालते हैं।

शफाली ने न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ अपनी पिछली वनडे सीरीज में बल्ले से निराश किया था।उन्होंने 3 मैचों में 18.66 की औसत और 133.33 की स्ट्राइक रेट के साथ 56 रन बनाए थे। उनके स्कोर क्रमशः 33, 11 और 12 रन रहे थे।इस साल शफाली ने कुल 6 वनडे खेले, जिसमें 18.00 की औसत और 82.44 की स्ट्राइक रेट के साथ 108 रन बनाए थे। वह कोई अर्धशतक भी नहीं लगा सकी थी। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया जाने वाले भारतीय दल में हरलीन की वापसी होगी, जिन्होंने दिसंबर 2023 में भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेला था।देओल को गुजरात जायंट्स के लिए खेलते समय घुटने में चोट लग गई थी, जिसके कारण वह इस साल डब्ल्यूपीएल में सिर्फ 3 मैचों में ही खेल पाईं थी।इसके साथ-साथ ऋचा घोष ने टीम में वापसी की है, जो अपनी ग्रेड 12 की बोर्ड परीक्षाओं के कारण न्यूजीलैंड श्रृंखला से चूक गई थीं। लेग स्पिनर आशा शोभना और तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकार भी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए नहीं चुनी गई हैंये दोनों खिलाड़ी टी-20 विश्व कप के दौरान चोटिल हो गई थी।चयनकर्ताओं ने मिन्नू मनी को भी वनडे टीम में पहली बार शामिल किया है, जबकि तेज गेंदबाज तीतास साधु को भी टीम में जगह मिली है।20 वर्षीय साधु पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में वनडे टीम की सदस्य नहीं थीं।सीरीज के पहले 2 वनडे मैच क्रमशः 5 और 8 दिसंबर को ब्रिसबेन के एलन बॉर्डर फील्ड में खेले जाएंगे, जिसके बाद सीरीज का आखिरी मैच पर्थ के वाका ग्राउंड में 11 दिसंबर को खेला जाएगा।वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीमः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रिया पुनिया, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर और साइमा ठाकोर।

शफाली वर्मा हुई बाहर

मलेशिया से 1-1 का ड्रा खेलकर 2024 में जीतरहित रहा भारत

हैदराबाद। भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों को राष्ट्रीय पुरुष टीम के मनोलो मार्क्वेज के नेतृत्व में अपना पहला मैच जीतने के लिए मार्च तक इंतजार करना होगा, क्योंकि मेजबान टीम को सोमवार को यहां गाचीबावली स्टेडियम में मलेशिया के विरुद्ध 1-1 से ड्रा करना पड़ा।

मैच के शुरुआती क्षणों में भारत अपनी स्थिति मजबूत कर रहा था, लेकिन कप्तान गुरप्रीत सिंह संधू की शुरुआती गलती के कारण गोल पर मिले फ्री पास पर पाउलो जोसु ने गोल कर मेहमान टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी, इससे पहले राहुल भेके ने ब्रैंडन फर्नांडिस द्वारा लिए गए कॉर्नर से बराबरी का गोल किया, जिन्हें मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया और टीमों को बराबरी पर ला दिया। मैच के 19वें मिनट में मलेशिया के आजम आजमी मुराद ने गेंद को क्लीयर किया, जिसे गोलकीपर गुरप्रीत ने क्लीयर करने के प्रयास में बाहर की ओर दौड़ लगाई। उनकी गलत समझ के कारण गेंद आने वाले पाउलो के पैरों तक पहुंच गई, जिन्होंने बिना किसी गलती के इसे इसे गोल में पहुंचा दिया।

भारत ने इसके बाद विपक्षी गोल पर हमला करना बंद नहीं किया और अधिकांश हमले विंग्स से किए गए, जिसमें लालियानजुआला चांगटे उत्प्रेरक की भूमिका में थे। 39वें मिनट में रणनीति कारगर साबित हुई, जब ब्रैंडन ने कॉर्नर लेने के लिए कदम बढ़ाया, जिसे चांगटे ने जीता और एक शानदार गेंद डाली, लेकिन भेके ने गेंद को नेट में पहुंचा दिया। मलेशिया ने दूसरे 45 मिनट में बेहतर मौके बनाए, लेकिन भारत ने अपने कब्जे का उचित हिस्सा बनाए रखा और दोनों पक्षों को कोई मौका नहीं मिला, जिससे मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ।

भारतीय अर्थव्यवस्था ने अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी जैसे देशों को पछाड़ा

नईदिल्ली। दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ते जा रही है. दुनिया भर में फिलहाल तनाव और आर्थिक अनिश्चितता है. हालांकि, भारत के लिए अधिक घबराने की बात नहीं है. क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि भारत की अर्थवस्यवस्था इस साल सात फीसद की दर से बढ़ सकती है. खास बात है कि भारत की बढ़त इस साल जी-20 देशों के समूहों में सबसे अधिक है. आसान भाषा में कहें तो इस साल भारत की अर्थव्यवस्था की बढ़ता जी-20 देशों से कहीं अधिक रहने वाली है. बता दें, जी-20 सुपर पावर अमेरिका, रूस, यूके, जर्मनी, फ्रांस सहित तमाम बड़े देश शामिल हैं. खास बात है कि इस साल जहां भारत की अर्थव्यवस्था जहां सात फीसदी रह सकती है तो वहीं, अन्य बड़े देशों की आर्थिक वृद्धि तीन फीसद से भी कम रह सकती है.

दुनिया की सबसे बड़ी रेटिंग एजेंसी मूडीज ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी है. रिपोर्ट के अनुसार, भारत की सबसे तेज विकास दर, आर्थिक अर्थव्यवस्था के बलबूते मजबूत हो रही है. वैश्विक चुनौतियों के बीच, भारत की अर्थव्यवस्था लगातार विकास कर रही है. जी-20 में भारत के बाद इंडोनेशिया की जीडीपी सबसे अधिक यानी पांच फीसद की दर से बढ़ सकती है. चीनी अर्थव्यवस्था 4.8 फीसद की रफ्तार से बढ़ सकती है.

भारत के खास दोस्त रूस की जीडीपी 3.6 फीसद से बढ़ेगी. वहीं, ब्राजील, तुर्किये और अफ्रीका की जीडीपी तीन-तीन फीसद की दर से बढ़ेगी. अमेरिकी अर्थव्यवस्था को इस बार झटका लगेगा क्योंकि आंकड़े बता रहे हैं कि अमेरिका की जीडीपी इस साल 2.8 फीसद की दर से बढ़ने वाली है.

बस्तर प्रवास पर सीएम साय...

इस योजना के तहत हम लोग जो नक्सल पीड़ित महिला और पुरुष है, वे कोई उद्यम करना चाहते है तो उसे 10 प्रतिशत अनुदान की विशेष छूट देने का प्रावधान दिया गया है। यदि इस योजना के तहत नक्सल पीड़ित लगातार जुड़ते है तो निश्चत तौर माओवाद के खात्मे पर खासा असर दिखाई देगा।

महाराष्ट्र चुनाव से पहले भाजपा नेता...

इस घटना से सियासी गलियारों में हलचल पैदा हो गई। इस मामले को लेकर विपक्ष लगातार बीजेपी पर निशाना साध रहा है।

काग्रेस ने एक्स पर किया पोस्ट - कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर इसको लेकर पोस्ट किया है। कांग्रेस ने लिखा कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े महाराष्ट्र के एक होटल में पैसे बांटते हुए पकड़े गए हैं। विनोद तावड़े बैग में भरकर पैसे लेकर गए थे और वहां पर लोगों को बुला-बुलाकर पैसे बांट रहे थे। ये खबर जब जनता को पता चली तो भारी हंगामा हो गया। पैसों के साथ विनोद तावड़े के कई वीडियो सामने आ रहे हैं। महाराष्ट्र में वोटिंग होने वाली है, उससे ठीक पहले भाजपा के नेता पैसों के दम पर चुनाव को प्रभावित करने में लगे हैं। इसमें कार्यकर्ताओं से लेकर बड़े-बड़े नेता तक शामिल हैं। चुनाव आयोग को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। बीजेपी का खेल खत्म -संजय राउत - शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने इस घटनाक्रम पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में बीजेपी का खेल खत्म हो गया है। जो काम चुनाव आयोग को करना था वह क्षितिज कुमार ने कर दिया। वहीं प्रियंका चतुर्वेदी ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सिर्फ धनबल के प्रभाव से चुनाव जीतने की कोशिश में लगी है। जो काम चुनाव आयोग को करना था वह काम जनता कर रही है। उन्होंने चुनाव आयोग से इस मामले में संज्ञान लेने की अपील की है।

यूएस से तनातनी के बीच पुतिन..

0 अमेरिका-रूस में इस कारण बढ़ा है तनाव- अमेरिका में जो बाइडन की सरकार ने जाते जाते यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइलों से रूस के भीतर हमले की मंजूरी दे दी है। जिस पर रूस भड़क गया है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने प्रतिक्रिया देते हुए मुंहतोड़ जवाब देने की बात

प्रथम पेज का शेष.....

कही है। इतना ही नहीं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को एक अहम फैसले के तहत संशोधित परमाणु नीति पर हस्ताक्षर किए हैं। पुतिन द्वारा संशोधित परमाणु नीति पर हस्ताक्षर के कदम को भी बाइडन के फैसले का ही जवाब माना जा रहा है। रूस की नई परमाणु नीति में ये प्रावधान किया गया है कि रूस पर अगर बड़े पैमाने पर हवाई हमला होता है तो उसके जवाब में रूस परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकता है। 0 जंग में भारत की मध्यस्थता को लेकर बोले दिमित्री- वहीं दिमित्री से जब रूस-यूक्रेन मुद्दे पर भारत की मध्यस्थता को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि हमारे पास कोई विशेष योजना नहीं है, लेकिन हम जानते हैं कि पीएम मोदी के राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत ही विशेष और व्यावहारिक संबंध हैं और वह यूक्रेनी पक्ष के साथ भी संपर्क में हैं इसलिए वह प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे प्रधानमंत्री मोदी को वस्तुस्थिति का निष्पक्ष मूल्यांकन करने की संभावना मिलती है।

'दिल्ली-एनसीआर के सभी स्कूलों में ...

कक्षाएं बंद करने के दिल्ली सरकार के फैसले पर सवाल उठाया और तर्क दिया कि इन छात्रों के फेफड़े दूसरों से अलग नहीं हो सकते। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने तर्क दिया, 10वीं, 12वीं के छात्रों के फेफड़े अन्य छात्रों से अलग नहीं हैं। उन भौतिक कक्षाओं को भी रोकने का निर्देश दिया जा सकता है।

ईडी-सीबीआई के डर से नहीं ....

दबाव में काम नहीं किया और मुझ पर कोई दबाव नहीं है। 'विचार और सिद्धांत से जुड़ा था आप में'- कैलाश गहलोत ने कहा मैं एक विचारधारा और सिद्धांत की वजह से आम आदमी पार्टी से जुड़ा था। लेकिन अब इसमें डायल्यूशन आ रहा है। ऐसा रातोंरात नहीं हुआ है। कुछ चीजे समझने में समय लगता है। मैंने पार्टी छोड़ने की हिम्मत जुटाई है। आने वाले दिनों में कुछ और लोग भी ऐसा करें। उन्होंने कहा कि मैंने अपने पत्र में आम आदमी पार्टी छोड़ने की वजह विस्तार से बताई है। मुख्य मुद्दे वहीं है जिन मूल्यों के कारण हम आप में शामिल हुए।

संजय सिंह ने लगाया था यह आरोप- बता दें कि कैलाश गहलोत के आप छोडने पर राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था कि कैलाश गहलोत का इस्तीफा बीजेपी की गंदी राजनीति और षड्यंत्र का हिस्सा है। कैलाश गहलोत के ऊपर ईडी-सीबीआई का छापा डलवाकर दबाव बनाया गया और अब जो स्क्रिप्ट बीजेपी की तरफ़ से उन्हें दी गई है, वह उसी हिसाब से बोल रहे हैं। दिल्ली चुनाव से पहले Modi Washing Machine सक्रिय हो गई है। अब कई नेता इस मशीन के ज़रिए बीजेपी में शामिल किए जायेंगे।

सीजीपीएससी घोटाला ...

करीबी रिश्तेदारों को नियुक्ति देने का आरोप - छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित इस घोटाले के बारे में मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सीजीपीएससी के तत्कालीन चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी, राजभवन के तत्कालीन सेक्रेटरी अमृत खलको समेत कई अधिकारियों के बेटे-बेटियों और करीबी रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर और डीएसपी जैसे पदों पर नियुक्ति देने के आरोप हैं। मामले को लेकर पूर्व बीजेपी नेता ननकी राम कंवर ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी। 171 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित हुई थी- सीजीपीएससी परीक्षा का नोटिफिकेशन साल 2021 में जारी किया था। भर्ती के लिए कुल पद थे 171 थे। प्री एग्जाम 13 फरवरी 2022 को कराया गया। जिसमें कुल 2 हजार 565 पास हुए थे। इसके बाद आई मेंस एग्जाम की बारी। 26, 27, 28 और 29 मई 2022 को मेंस परीक्षा कराई गई। जिसमें कुल 509 अभ्यर्थी पास हुए। इनको इंटरव्यू के लिए बुलाया गया। जिसके बाद 11 मई 2023 को परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी हुआ। 170 अभ्यर्थियों का इसमें फाइनल सिलेक्शन हुआ। बड़े पदों पर अपनों की नियुक्ति के आरोप - हाईकोर्ट में दायर याचिका में पीएससी के चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के पांच करीबियों की नियुक्ति के बारे में बताया गया है। इनकी लिस्ट सौंपी गई है। अखबारों में छपी रिपोर्ट के मुताबिक सोनवानी के अपने परिवार, उनके करीबी रिश्तेदारों के बच्चों को डिप्टी कलेक्टर और डीएसपी जैसे बड़े और ताकतवर पदों के लिए चुना गया है। वहीं छत्तीसगढ़ के कुछ बड़े अधिकारियों के बच्चों को भी आबकारी, श्रम विभाग में ऊंचे ओहदों पर नियुक्त कर दिया गया।

यूक्रेन ने रूस पर दागीं 6 अमेरिकी मिसाइलें, अब पुतिन के पलटवार पर सबकी निगाहे

कीव। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के रूसी परमाणु नीति में संशोधन पर दस्तखत करने की घोषणा करते ही यूक्रेन ने मंगलवार को पहली बार रूस पर अमेरिका की छह एटीएसीएमएस मिसाइलों से हमला कर दिया है। यह भीषण हमला यूक्रेन-रूस युद्ध के एक हजारवें दिन किया गया।

रूस बोला- पांच मिसाइलों को मार गिराया

रूसी सीमा के 110 किमी अंदर ब्रियंस्क स्थित रूस के एक सैन्य अड्डे को निशाना बनाया गया है। नए सिरे से शुरू हुए इस मिसाइल हमले ने दुनिया को परमाणु युद्ध के मुहाने पर ले जाने का खतरा बढ़ा दिया है। रूसी समाचार एजेंसी ने मंत्रालय के हवाले से बताया कि उसने छह मिसाइल में से पांच मिसाइलों को मार गिराया है। ब्रियंस्क क्षेत्र में सैन्य अड्डे पर एक मिसाइल का मलबा जरूर गिरा है, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ और ना ही कोई क्षति पहुंची है।

यूक्रेन का दावा- कई धमाकों की सुनी गई आवाज

उधर, यूक्रेन ने हथियार का ब्योरा दिए बगैर हमले की पुष्टि की है। यूक्रेन का दावा है कि उसके बाद वहां धमाके हुए हैं। इससे पहले मंगलवार को ही यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने कहा था कि यूक्रेनी सेना ने रूस के ब्रियंस्क क्षेत्र में काराचेव स्थित 1046वें लॉजिस्टिक्स सपोर्ट सेंटर पर घातक हमला किया है। वहां पर कई विस्फोट हुए हैं और धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं। इस हमले से यूक्रेन के खिलाफ रूस की आक्रामकता कम हो जाएगी। इसके एक दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फैसला लिया था कि यूक्रेन को अमेरिका की लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के जरिये रूस के काफी अंदर तक हमला करने दिया जाएगा। इसकी प्रतिक्रिया के तौर पर ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने देश की परमाणु नीति में संशोधन पर दस्तखत किए हैं और इससे युद्ध के हालात और बिगड़ने का अंदेशा है।

रेलवे बोर्ड ने सामान्य श्रेणी के रेल यात्रियों की नई सुविधाओं के बारे में दी जानकारी

राजनांदगांव (दावा)। रेल यात्रा के प्रति आमजनों की लगातार बढ़ती रुचि और आकर्षण के मद्देनजर रेलवे भी तदनुरूप सुविधाओं के विस्तार को गति दे रहा है। इस क्रम में रेलवे ने बीते तीन माह में ही विभिन्न ट्रेनों में सामान्य श्रेणी (जीएस) के करीब छह सौ नये अतिरिक्त कोच जोड़े हैं। ये सभी कोच नियमित ट्रेनों में जोड़े गए हैं। इतना ही नहीं चालू नवंबर माह में जीएस श्रेणी के ऐसे एक हजार से ज्यादा कोच करीब साढ़े छह सौ नियमित ट्रेनों में जोड़ दिए जाएंगे। एक अनुमान के मुताबिक रेलवे के बेड़े में इन नये जीएस कोचों के जुड़ने से रोजाना करीब एक लाख यात्री लाभान्वित होंगे। इनके अलावा आगामी दो वर्षों में बड़ी संख्या में जीएस श्रेणी के कोचों को रेलवे के बेड़े में शामिल करने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। रेलवे बोर्ड ने सामान्य श्रेणी के रेल यात्रियों की नई सुविधाओं के बारे में यहां विस्तार से जानकारी दी है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना व प्रचार) दिलीप कुमार ने बताया कि सामान्य श्रेणी के यात्री रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। इस श्रेणी के यात्रियों को

229 नियमित ट्रेनों में जोड़ा गया है। इससे रोजाना हजारों अतिरिक्त यात्रियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस नवंबर माह

+ रेलवे की इस पहल से रोजाना करीब एक लाख अतिरिक्त यात्री करेंगे सफर
+ आगामी दो साल में जीएस श्रेणी के ऐसे 10 हजार से ज्यादा कोच बेड़े से जुड़ेंगे
+ सामान्य श्रेणी के यात्रियों की सुविधाओं में विस्तार रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता

अधिकतम सुविधा मुहैया कराने की दिशा में रेलवे विभिन्न दिशाओं में कार्य कर रहा है। इसके तहत बीते जुलाई से अक्टूबर के तीन माह के दौरान जीएस श्रेणी के कुल 583 नये कोचों का निर्माण किया गया। साथ ही इन नवनिर्मित कोचों को तक जीएस श्रेणी के कुल एक हजार से ज्यादा नये कोच तैयार होकर रेलवे के बेड़े में जुड़ जाएंगे। इन्हें 647 नियमित ट्रेनों में जोड़ा जाएगा। इन डिब्बों के शामिल होने से रोजाना करीब एक लाख अतिरिक्त सवारी रेल यात्रा के सफर का लाभ उठा पाएंगे। कार्यकारी निदेशक ने बताया कि सामान्य श्रेणी के यात्रियों की सुविधाओं के मद्देनजर नये जीएस कोचों का निर्माण तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में रेलवे के बेड़े में ऐसे गैर-वातानुकूलित सामान्य श्रेणी के 10 हजार से ज्यादा जीएस कोचों को शामिल कर लिया जाएगा। इनमें छह हजार से ज्यादा जीएस कोच होंगे, जबकि बाकी डिब्बे स्लीपर श्रेणी के होंगे। इतनी बड़ी संख्या में नॉन एसी कोचों के शामिल होने से सामान्य श्रेणी के करीब आठ लाख अतिरिक्त यात्री रोजाना रेल यात्रा का सफर कर पाएंगे। जीएस श्रेणी के ये नवनिर्मित तमाम कोच एलएचबी के होंगे। ये सफर को आरामदायक और सुविधाजनक बनाने के साथ.साथ सुरक्षित और दूरत बनाने में भी मदद करेगी। पारंपरिक आईसीएफरेल डिब्बों के मुकाबले ये नये एलएचबी कोच अपेक्षाकृत हल्के और मजबूत हैं। हादसे की स्थिति में इन कोचों में नुकसान भी कम से कम होगा।

स्व. सुरजीत कौर स्मृति हॉकी प्रतियोगिता

लालबाग और शाहिद राधे मोतीपुर की रोमांचक जीत

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही स्व. सुरजीत कौर स्मृति 7 ए साइड रात्रिकालीन हॉकी प्रतियोगिता के तहत आज दिनांक 17 नवम्बर को 2 मैच खेला गया जिसके तहत पहला मैच यूथ क्लब विरुद्ध शाहिद राधे मोतीपुर के मध्य खेला गया जिसमें शाहिद राधे मोतीपुर ने यूथ क्लब को 6-4 गोलों से पराजित कर सेमीफाइनल में अपना स्थान बना लिया दोनों ही टीमों के मध्य संघर्ष पूर्ण मुकाबला दर्शकों को देखने को मिला।

दोनों ही टीम लगातार एक दूसरे के गोल पोस्ट में गोल करती रही मैच के मध्यांतर तक दोनों ही टीम 4-4 गोल की बराबरी पर रही मैच के मध्यांतर के बाद शाहिद राधे मोतीपुर के खिलाड़ियों ने अपने डी के अंदर बीच बचाव करते हुए कोई भी गोल नही होने दिया वहीं मैच के 36वें मिनट और 38वें मिनट में शहीद राधे मोतीपुर के खिलाड़ियों ने गोल

करते हुए मैच को 6-4 गोल से जीत लिया शाहिद राधे मोतीपुर की ओर से जिम्मी साहू ने 2 गोल दलबीर सिंह ने 2 गोल और राजेश निर्मलकर व गुमान साहू ने 1-1 गोल किये वहीं यूथ क्लब की ओर से टीम के कप्तान ज्ञानचंद जैन ने 2 गोल अब्दुल कादिर और गुलशन यादव ने 1-1 गोल किये आज खेले गए दूसरे रोमाचक मुकाबले में लालबाग ने दिग्विजय क्लब को 2-1 गोल से पराजित किया दोनों ही टीम मैच के हाफ टाइम तक कोई भी गोल नही कर पाई थी किन्तु मैच के हाफ टाइम के बाद सीनियर मॉर्निंग ग्रुप द्वारा बनाये गए नियम के तहत 3 पैनल्टी कार्नर पर 1 पैनल्टी स्ट्रोक में दिग्विजय वल्ब के टीम को मिला जिसे अमित माथुर ने गोल में दबदिल कर 1-0 गोल से बढ़त बनाई हुई थी। वहीं मैच के 31वें मिनट में लालबाग टीम के पूर्णचंद यादव ने मैदानी गोल करते हुए 1-1 गोल की बराबरी पर ला दी, मैच के 32 वे मिनट में लालबाग को भी पैनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे किशोर धीवर ने गोल करते हुए यह मैच 2-1 गोल से जीत हासिल कर अगले दौर में प्रवेश किया।

आज के मैच के दौरान शिव वर्मा (पूर्व नेता प्रतिपक्ष) मुन्ना यादव (समाज सेवी), संचित बग्गा (समाज सेवी), फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, शिवनारायण धकेता सचिव जिला हॉकी संघ, नीलम चंद जैन, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, भूषण सॉव, ज्ञानचंद जैन, बाल मुकुंद पटेल, मृणाल चौबे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, अब्दुल कादिर, चंदन भरतद्वज, प्रिंस भाटिया आयोजन सचिव ने मैदान के बीच जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

आज खेले गए सभी मैच में किशोर धीवर, राजेश निर्मलकर, दिलीप रावत, अभिनव मिश्रा, हारून खान, खेमराज सिन्हा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

धार्मिक आस्था और एकता का प्रतीक माता देवालय यात्रा - विष्णु लोधी

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने क्षेत्र के प्राचीन एवं ऐतिहासिक माता देवालय यात्रा में भाग लिया। इस धार्मिक आयोजन के संयोजक एवं नेतृत्व स्वयं क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू कर रहे थे। श्री लोधी ने माता के दर्शन और पूजन के बाद क्षेत्रवासियों से संवाद किया। उन्होंने माता रानी से क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि, और सभी के जीवन में सुख-शांति की कामना की।

इस पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों की बड़ी संख्या में भागीदारी देखी गई, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। यह यात्रा क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं का सशक्त प्रतीक बन गई। क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर

साहू के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा को सफल बनाने में प्रमुख वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाब वर्मा, विष्णु लोधी, पुष्पा वर्मा, महेन्द्र यादव,सुरेश सिन्हा, होमदत्त वर्मा, मोती वर्मा, चेतन साहू, मनहरण सिन्हा,सुरज कौशल,कमल सिन्हा, रामानंद साहू, दिलीप वर्मा, सेवक साहू, बृजलाल वर्मा, अश्वनी वर्मा, महेन्द्र नगपुरे, मोहनी साहू, गोवर्धन वर्मा, कन्हैया सिंह ,नारायण सिंह, सोनूराम मंडले, दीनू जोशी, रघुनंदन वर्मा, गणेश वर्मा, बागेश्वर वर्मा, मदन मोहन साहू, मोरध्वज वर्मा, धर्मचंद, जयचंद ठाकुर, दीपक सिंह, रामखेलावन साहू, मिथिलेश सिंह, मनोज जोशी, गणपत महिपाल, जनक वर्मा,भगवा वर्मा, नारायण वर्मा ,बाबूलाल पटेल, ईश्वर लोधी, कमल किशोर लोधी, दुखी वर्मा, बिसून वर्मा, गया वर्मा, चंदू नेम, सुदामा वर्मा, भोंदू वर्मा, राधेश्याम वर्मा खेमचंद साहू मानिक साहू बसंत साहू जंगल वर्मा गणेश वर्मा जनक वर्मा रेवा वर्मा, विश्राम वर्मा आदि बड़ी संख्या धर्म प्रेमी लोगों का योगदान रहा।

चाकू दिखाकर डराने धमकाने वाले के खिलाफ पुलिस ने की कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाना पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में लोहे के धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले आरोपी पर कार्रवाई की है। आरोपी का नाम रोहन पांडया पिता स्व सुजीत पांडया उम्र 23 साल लालबाग प्रभात नगर बताया जाता है। उसके पास से पुलिस ने एक धारदार चाकू जब्त की है।

बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिः पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र में अवैध शराब जुआ सटटा अवैध हथियार रखने वालो के विरूध कार्यवाही के निर्देशन पर थाना बसंतपुर द्वारा टीम गठित कर लगातार थाना क्षेत्र में भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान मुखबीर की सूचना पर सोमवार दिनांक 18 नवंबर को आरोपी रोहन पांडया रहने वाला प्रभात नगर रायल कि ड स स्कूल के पा स सार्वजनिक जगह पर एक लोहे का धारदार चाकू दिखाकर आने जाने वाले लोगो को डराने धमकाने पर उनके विरूध आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिर0 कर न्यायायिक रिमाण्ड पर भेजा गया उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी श्री देवागन सहित सहायक उप निरीक्षक डेमिन साहू बी पेट्रोलिंग आरक्षक की भूमिका सराहनीय रही।

पदुमतरा में 7 दिवसीय रामलीला महोत्सव का हुआ शुभारंभ

राजनांदगांव(दावा)। विकासखंड के ग्राम पदुमतरा में श्री सत्य सांई राम लीला मंडली बेलौदी बालोद के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा 17 नवंबर से 23 नवंबर तक रात्रि 8 से 10.30 तक 7 दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ललिता साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप पूर्व सरपंच मोहन साहू, दुर्गा साहू, उमेंद्र साहू, उत्तम साहू, खेलन साहू, अनिता गंधर्व, कुमारी साहू, दया बाई साहू, हरिकिशन सेन, रिखी राम साहू, दिनु साहू, पवन महोबिया, राकेश गौतम सहित अन्य उपस्थित अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों सहित उपस्थित श्रद्धालुओं ने मंगल आरती-पूजा करके श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि ओमप्रकाश साहू ने कहा कि हमारे लिए गौरव का छण है कि हमे 7 दिवस तक रामलीला सुनने व देखने का अवसर मिलेगा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय है। रामलीला मंचन के जरिये इसको समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया जाता है, जिससे लोगों को प्रेरणा मिले। श्रीराम लीला के माध्यम से हमे प्रभु श्रीराम के जीवन के माध्यम से जीने की कला को सीखने का अवसर मिलता है। सार्वजनिक जीवन मे हमे कैसे रहना है। सभी रिश्तों को कैसे निभाना है, मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जीवनी से सीखने को मिलता है। लीला प्रारंभ दिवस में ही जनप्रतिनिधि, ग्रामीण व आसपास के ग्रामीणजन शामिल हुए।

कन्हारपुरी सोसाइटी में दीपक चौहान व शिव ने किया निरीक्षण

राजनांदगांव(दावा)। कन्हारपुरी सोसाइटी में वरिष्ठ पार्षद व पूर्व निगम अध्यक्ष शिव वर्मा द्वारा 14 नवंबर से अब तक हुई धान खरीदी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह जानकारी दी गई कि अब तक 1386 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। बारदाना की पर्याप्त व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा सुनिश्चित की जा रही है, और किसानों को तुरंत भुगतान के लिए विशेष प्रबंधन किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान कन्हारपुरी सोसाइटी प्रबंधक झम्मन निर्मलकर, ग्रामवासी वीरेंद्र साहू, प्रभुराम साहू, अजय चंद्राकर, चुनुराम पटेल, टोमन साहू और मैथिल क्षत्रिय, दीपक चौहान, सुरजु धीवर, गेमू कुंजाम, मनोज सिन्हा, अंकित गढ़वाल, तथा ग्राम वासी उपस्थित रहे। उन्होंने व्यवस्थाओं और प्रक्रिया की सराहना की। शिव वर्मा ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और धान खरीदी में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी।

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ का हुआ गठन

राजनांदगांव (दावा)। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ जिला राजनांदगांव की 18 नवंबर को लाभेश पगारे जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ से पुरूषोत्तम चतुर्वेदी प्रांतीय सचिव तथा अमित पारधी प्रांतीय संगठन सूचना प्रभारी के नेतृत्व में बैठक रखी गई। आज के बैठक में राजनांदगांव का जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सुश्री अंजलि कथोलिया को सर्वसम्मति से जिला संयोजक राजनांदगांव नियुक्त किया गया कामिनी नेताम सचिव, चमेशवरी ठाकुर कोषाध्यक्ष, रोमेश वर्मा मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। इसके साथ ही सचिन कुमार ब्लॉक अध्यक्ष घुमका, तस्मीन खान ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगांव, लक्ष्मी निर्मलकर ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगढ़, आशीष कुंभकार ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया नियुक्त किया गया।

अपनी मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेगी चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया की छ. ग. लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के 6 सूत्रीय लंबित मांग को लेकर जिला कुंडा गांव में आवश्यक बैठक देखी गई जिसमें विस्तार से चर्चा उपरांत निर्णय लिए गए। आगामी फरवरी 2025 को प्रांत व्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का अहम निर्णय लिया गया।

दो दिवसीय प्रांतीय बैठक में 6 सूत्रीय मांगों पर की गई चर्चा

जिन छह बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई उसमें 31 दिसंबर 1997 के बाद दिनांक 1 जनवरी 1988 से अब तक विभिन्न विभाग में कार्यरत कलेक्टर दर/दैनिक वेतन भोगी कर्मचारीयों को विभाग के नियमित / कार्यभारित आकस्मिक निधि स्थापना के रिक्त पदों पर समायोजन करते हुये नियमित / नियमित वेतन का लाभ दिए जाने, रिक्त पदों के अभाव मे शेष बचे कलेक्टर दर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को उनके वर्तमान कलेक्टर दर वेतन एवं 4000 श्रम सम्मान निधि राशि दोनों मिलाकर मूल वेतन घोषित करते हुये उसमे 50 महंगाई भत्ता जोड़ा जाकर उन्हें नियमित वेतन का लाभ दिए जाने, तथा उनका सेवा शर्त बनाये जाने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का ग्रेड वेतन 1300,1400,1800 एवं 1900 के स्थान पर 1800,1900,2200 एवं 2400 बढ़ोत्तरी किये जाने, विभिन्न विभाग में कार्यरत कार्यभारित कर्मचारियों को समान वेतनमान में नियमित स्थापना मे संविलियन किये जाने, चतुर्थ श्रेणी संवर्ग से तृतीय श्रेणी संवर्ग मे पदोन्नति हेतु 25प्रतिशत के स्थान पर 50प्रतिशत प्रावधानित किये जाने, आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत आश्रम छात्रावास में कार्यरत योग्यता धारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को टी संवर्ग के शैक्षणिक संस्थाओं में संविलियन करते हुए उन्हें सहा. ग्रेड 03 के पद पर पदोन्नति दिए जाने का प्रावधानित किये जाने एवं राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन स्कूलों में सहा. ग्रेड-03 के पद स्वीकृत करते हुए विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों पदोन्नति का लाभ दिए जाने की मांग शामिल है। विभिन्न मांगों को लेकर, शासन प्रशासन से लगातार पत्राचार किया जा रहा है - प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे संघ के प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे ने बताया कि विभिन्न आवश्यक मांगो को लेकर संघ शासन - प्रशासन के समक्ष लम्बे समय से पत्राचार करते आ रहा है। लेकिन शासन द्वारा ततसंबंध में की गई मांग का अब तक निराकरण नहीं किया जा सका। महामंत्री श्री चौरे के द्वारा राज्य के सभी विभागों के नियमित/कार्यभारित / आकस्मिकता निधि/कलेक्टर दर/दैनिक वेतन भोगी/मजदूर दर कर्मचारियों से अपील किया गया है की, वर्ष 2006-07 की भांति इस बार भी होने वाली आर पार की अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिये तैयार रहे।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार-प्रसार में जुटे भागवत साहू व राजेश गुप्ता चंपू

काकोड़ी (दावा)। महाराष्ट्र इन दिनों महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों को लेकर ठंड में भी चुनावी गर्मी देखने को मिल रही है इसी तारतम्य में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में प्रचार-प्रसार दल ने काकोड़ी, पंचायत मेहतावेड़ा, बोटेकशा, आलेखेड़ा, कपूरी, मुढ़माड़ी, आलेवाड़ा, चिल्हाटी, आदि सघन वनांचल क्षेत्रों में निवासरत लगभग 70 हजार छत्तीसगढ़ी तेली(साहू) समाज के लोगों से मिलकर महाआघाढ़ी प्रत्याशी कांग्रेस राजकुमार लोटू पुराम के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू एवं एआईसीसी एससी विभाग डोंगरगढ़ -बिंद्रागढ़ के विधानसभा प्रभारी पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आदेशानुसार महाराष्ट्र आमगांव-देवरी विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ी साहू बाहुल्य क्षेत्रों में डोर टू डोर लोगों से जनसंपर्क कर स्थानीय उम्मीदवार एवं कांग्रेस पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए निरंतर आमसभा-रैलियों में शामिल होकर स्थानीय स्वजातीय बंधुओं को पार्टी के रिति निति एवं सिद्धांत और योजनाओं के बारे में बताते हुए राजकुमार पुराम के समर्थन में वोटिंग करने की अपील कर रहें हैं। राजनांदगांव ग्रामीण कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष भागवत साहू एआईसीसी एससी प्रक्रोष्ठ के राजेश गुप्ता चंपू ने दावा किया है कि महाराष्ट्र के आमगांव-देवरी विधानसभा चुनाव में आर्थिक रूप से गरीब, उच्च शिक्षित क्षेत्रीय अभ्यर्थी राजकुमार पुराम को इस बार जनता ने उन्हें विधायक बनाने का संकल्प ले चुकी है और इस आमगांव -देवरी महाराष्ट्र विधानसभा में चुनाव में भाजपा के मुकाबले में वे मजबूत स्थिति में आ गए हैं। श्री साहू एवं श्री गुप्ता ने घर-घर जाकर लोगों से जनसंपर्क के दौरान मिल रहे रुझान के मुताबिक कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार लोटू पुराम भारी मतों से जितने का दावा किया है। कांग्रेस उम्मीदवार राजकुमार लोटूजी पुराम को भारी मतदान करने की अपील करने के लिए जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, पार्षद राजेश गुप्ता चंपू, जिला किसान संघ के अध्यक्ष मदन साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चुम्मन साहू, भोजवानी साहू, हरीश गुप्ता आदि आमगांव-देवरी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव क्षेत्र के विभिन्न वनांचल क्षेत्रों रहकर पसीना बहाकर तन-मन धन लगाकर राजकुमार पुराम को जीत दिलाने कमर कस कर चुनावी मैदान पर जी जान से जुटे हुए हैं।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन हेतु आज से वार्डो में शिविर

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह अक्टूबर का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 20 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 20 नवम्बर को को बजरंगपुर वार्ड नं. 1 के लिये साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव में, महात्मा बुद्ध वार्ड नं. 2 के लिये लोधी भवन में, पदुमलाल पुनालाल बक्शी वार्ड नं. 4 के लिये पंचायत भवन नया ढाबा व स्कूल के पास मंच पुराना ढाबा में एवं 21 नवम्बर को मोतीपुर वार्ड नं. 3 व रामनगर वार्ड नं. 8 के लिये मोतपुर स्कूल सामुदायिक भवन में, शासकीय मुद्रणालय वार्ड नं. 6 के लिये चिखली स्कूल में, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड नं. 10 के लिये शिव मंदिर शांतिनगर में तथा राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 11 के लिये ओव्हर ब्रिज के नीचे आंगनबाडी में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा।

कलेक्टर ने की पोट्ठ लईका पहल की समीक्षा

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिला पंचायत सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिले में संचालित पोट्ठ लईका पहल की समीक्षा की। कलेक्टर ने पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत लक्षित बच्चों के विरूद्ध अक्टूबर माह की स्थिति में पोषण स्तर के सुधार के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने सभी विभाग को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अन्य विभाग के मैदानी अमलों से समन्वय कर बच्चों में पोषण स्तर में सुधार के इस कार्य को पूरी लगन से करने कहा। उन्होंने 31 दिसंबर तक लक्षित गंभीर कुपोषित तथा मध्यम कुपोषित बच्चों को सामान्य स्तर पर लाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने पोट्ठ लईका पहल को सफल बनाने के लिए तैयार की गई मार्गदर्शिका पर बिंदुवार चर्चा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पोट्ठ लईका पहल में अपना सहयोग करने निर्देशित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जहां पोषण की स्थिति में सुधार संतोषजनक नहीं पाया गया है, उन क्षेत्र पर लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करने करने की आवश्यकता है। बैठक में जिन क्षेत्रों में पोषण स्तर में सुधार की स्थिति परिणाममूलक रही, उनका उत्साहवर्धन करते हुए उनके अनुभव साझा किए गए। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

कचरा सेंटर व ठेका वार्डों में गैरहाजिर कर्मियों को हाजिर बताकर लाखों का घालमेल

ठेकेदार व प्रभारी को थमाया गया नोटिस, हड़कंप की स्थिति निर्मित

राजनांदगांव (दावा)। शहर में बीस स्थानों में निगम की ओर से संचालित ठेका वाले वार्डों में गैरहाजिर रहने वाले कर्मचारियों को हाजिर बताकर लाखों रुपए का घालमेल करने वाले ठेकेदार व प्रभारी पर निगम की गाज गिरी है। इन्हें नोटिस थमा कर जवाब मांगा गया है।

बता दें कि निगम द्वारा शहर में 20 जगहों पर एसएलआरएम सेंटर का संचालन कर यहां कचरा संग्रहण व छंटनी का कार्य कराया जाता है। इस काम के लिए पंजीकृत महिला समूहों को कचरा संग्रहण व छंटनी के लिए ठेके पर दिया गया है। ठेकेदारों द्वारा कार्यरत सफाई कर्मियों की गैरहाजिरी को प्रेजेन्ट दिखाकर हर माह लाखों रुपए गोलमाल किया जा रहा है। निगम की जांच में सामने आया है कि कर्मचारियों के द्वारा निष्ठा ऐप से लगाए हाजिरी और सेंटरों के रजिस्टर में प्रस्तुत उपस्थिति पत्रक व समूह द्वारा निष्ठा सॉफ्टवेयर में कर्मचारियों की उपस्थिति पत्रक में अनुपस्थित कर्मचारियों को उपस्थित बताते हुए कर्मचारियों के नाम पर राशि का आहरण किया गया है।

सवा चार सौ श्रमिक कार्यरत

बताते चलें कि निगम द्वारा 20 जगहों पर संचालित एसएलआरएम सेंटरों में लगभग 423 श्रमिक कार्यरत है। कर्मचारियों को 7 हजार से 8 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाता है। माह में अगर कर्मचारियों की हाजिरी 80 से 100 भी होती है, तो प्रति मजदूर प्रति दिन 250 रुपए के हिसाब से महीने के 30 से 35 हजार रुपए गड़बड़ी होने का अंदेशा है। जो वर्ष भर में लाखों रुपयों में होता है।

गैरहाजिर श्रमिकों की हाजिरी

ठेकेदार व मिशन क्लीनसिटी में कार्यरत निगम के कर्मचारी सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति को उपस्थिति दिखाकर निगम के खजाने क सफाई में लगे हुए है। मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश एसएलआरएम सेंटरों का संचालन महिला समूहों की आड़ में कुछ भाजपा नेत्रियां कर रही हैं। नगर निगम में सफाई के नाम पर खजाना खाली करने का खेल लंबे समय से चल रहा है। एक ओर ठेका वाले वार्डों में ठेकेदार समुचित सफाई नहीं कर रहे हैं। वहीं नालियों में दवाईयों का छिड़काव नहीं हो रहा है। इसके अलावा एसएलआरएम सेंटरों व ठेका वाले वाडों में कार्यरत सफाई कर्मियों की हाजिरी में भी गड़बड़ी कर निगम के खजाने की सफाई की जा रही है। एसएलआरएम सेंटर संचालन करने वाले ठेकेदार ड्यूटी से नदारद रहने वाले गैरहाजिर कर्मचारियों की हाजिरी भरकर राशि हजम कर रहे हैं।

हाजिरी के नाम पर लाखों रुपए का व्यारा-न्यारा हो रहा है। मामले का खुलासा होने पर नगर निगम आयुक्त द्वारा प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, मिशन क्लीनसिटी प्रभारी व ठेकेदार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। नोटिस बाद स्वास्थ्य विभाग और ठेकेदारों में हड़कंप की स्थिति है।

मोती तालाब के पास जुआं खेल रहे 3 आरोपियों से 18300 रु. जप्त

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में बावन पत्ती का रास रचाकर रुपए-पैसों की जुंआ खेल रहे आरोपियों के पास से 18 हजार 300 रुपए जब्त किया है। सभी आरोपी नया बस स्टैंड के पास मोती तालाब गौरा-चौरा समीप जुएं का फड़ जमाए हुए थे।

पुलिस के हत्थे चढ़े इन आरोपियों अंशु राजपूत पिता विक्की राजपूत उम्र 20 वर्ष निवासी लालबाग वार्ड नंबर 23, विकास यादव पिता स्वर्गीय संतोष यादव उम्र 24 वर्ष निवासी बलदेव बाग वार्ड नंबर 15, विनोद मिश्रा पिता स्वर्गीय रामशिरोमणि मिश्रा उम्र 33 वर्ष निवासी गुरुनानक चौक वार्ड नंबर 15 है। कोतवाली थाना प्रभारी संजय बरेठ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों एवं जुआ सट्टा के विरूद्ध लगातार धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके तहत मंगलवार 18 नवंबर को मुखबीर की सूचना पर नया बस स्टैंड के पास स्थित मोती तालाब के गौरा चौरा के पास कुछ लोग रूपए पैसे का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं? उक्त सूचना पर हमराह पेट्रोलिंग स्टॉप रेड कार्यवाही कर उपरोक्त आरोपियों के कब्जे से एवं फड़ से कुल 18300 रुपए बरामद कर विधिवत्त जप्त किया गया। आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) का पाए जाने से गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही किया गया।

श्री बरेठ ने बताया कि आगे भी असमाजिक तत्वों एवं जुआ सट्टा खेलने में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी श्री बरेठ सहित प्रधान आरक्षक चंद्रेश सिन्हा, आरक्षक लीलेंद्र पटेल, नरेंद्र प्रजापति एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

कलेक्टर ने जनदर्शन में संवेदनशीलता पूर्वक सुनी नागरिकों की समस्याएं

सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारीपूर्वक जनसामान्य की समस्याओं को सुनने के साथ ही सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित करने कहा। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा। जनदर्शन में राशन कार्ड बनाने, मकान क्षतिपूर्ति की राशि दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, राजस्व अभिलेख को दुरूस्त करने, शौचालय निर्माण की अनुदान राशि दिलाने जैसी मूलभूत आवश्यकताओं एवं गांव विकास के लिए तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताव सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बिजली आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त, कांग्रेस ने फूंका रमन सिंह के चार पुतले

अघोषित विद्युत कटौती को लेकर शहर कांग्रेस ने भाजपा सरकार को जमकर कोसा

राजनांदगांव (दावा)। शहर में अघोषित बिजली बंद से शहरवासी परेशान व हताश हो चुके है। वीआईपी कहे जाने वाले राजनांदगांव शहर में आए दिन बिजली गुल हो रही है जिसके कारण हत्या, लूट, चोरी की वारदातें बढ़ रही है। तीन दिन पूर्व अंधेरे की वजह से गांधी चौक जैसे संवेदनशील जगह पर हत्या जैसी संघन्य वारदात हुई इसके बाद भी विद्युत कंपनी के अफसरों के कान में जू तक नहीं रेंग रहा है। भाजपा सरकार व भाजपाई को इससे कोई सरोकार नहीं है। अघोषित बिजली बंद को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार 19 नवंबर को स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह का पुतला फूंककर जगाने का प्रयास किया गया।

पुतला दहन के बाद विद्युत व्यवस्था ठीक हो गई, बंद लाइटें जल उठी

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भाजपा राज में विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। अंधेरे की वजह से असामाजिक तत्वों द्वारा आसानी से लूट, हत्या, चोरी जैसी वारदातें अंजाम देती है। जिसको लेकर विगत दिनों विद्युत विभाग के सामने धरना-प्रदर्शन कर संबंधित अधिकारियों को चेताया था इसके बाद भी बिजली बंद की शिकायत आ रही है। जिसको लेकर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय विधायक डा.रमन सिंह को प्रतिकात्मक पुतला दहन कर जगाने का प्रयास किया गया। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि बिजली अव्यवस्था के चलते विगत दिनों गांधी चौक पर चाकूबाजी जैसी जघन्य घटना घटी। इसी तरह शहर के अन्य हिस्सों में लगातार हो रही लूट, हत्या, डकैती जैसी वारदात बढ़ रही है जिसका एक मात्र कारण है बिजली गुल के कारण अंधेरा रहता है। इस संबंध में विद्युत अफसरों से बातें करो तो निगम का मामला बताते है, वहीं निगम से बात करो तो विद्युत विभाग का मामला बताकर अपना पल्ला झाड़ देते है। कहने को तो राजनांदगांव वीआईपी जिला कहलाता है परंतु समस्या सुनने वाला कोई नहीं क्योंकि यहां के विधायक व सांसद राजनांदगांव को शहर से कोई मतलब ही नहीं रखते है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने विद्युत विभाग को लचर बना दिया है। छाबड़ा ने विद्युत वितरण कंपनी के अफसरों को चेताते हुए कहा कि कांग्रेस जनता के हित में सड़क की लड़ाई लड़ी है। जिस तरह से शहर में विद्युत वितरण कंपनी कभी भी बिजली अवरूद्ध कर देती है, व्यापारी, रोजमर्रा काम करने वाले मजदूर, किसान, श्रमिक, वृद्धजन सहित हर वर्ग परेशान हो रहा है।

पुतला दहन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, कुतबुद्दीन सोलंकी, कमलजीत सिंह पिन्टू, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री झम्मन देवांगन, अमित चंद्रवंशी, नासिर जिंदरान, हनी ग्रेवाल, अमित खंडेलवाल, अशोक फडनवीस, रौशनी सिन्हा, मोहिनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, खैरूनिशा, पार्षद मधुकर वंजारी, संतोष पिल्ले, गणेश पवार, पूर्णिमा नागदेवे, मनीष साहू, महेश साहू, खिलेश बंजारे, युवा कांग्रेस विप्लव शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष अमर झा, राजा यादव, हर्ष खोब्रागढ़े, अवधेश प्रजापति, शैलेष ठावरे, फरहा खान, जितेश सिमनकर, हिम्मत पवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती का सत्संग 21 को

राजनंदगांव (दावा)। श्री आनंद कृष्ण धाम के परमाध्यक्ष श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी का नगर आगमन 21 नवंबर को होने जा रहा है। आगामी जनवरी 2025 में प्रयागराज में संपन्न होने वाले महाकुंभ के लिए अपने शिष्यों एवं भक्तों को निमंत्रण देने हेतु पूज्य स्वामी जी महाराज का आगमन हो रहा है।

0 गुरुदेव भक्त मंडल का दीपावली मिलन एवं सत्संग आयोजित
0 श्री सत्यनारायण धर्मशाला में होगा आयोजन

पूज्य स्वामी जी स्थानीय कृषि उपज मंडी के सामने स्थित श्री श्याम सुंदर लोहिया के निवास में विराजेंगे। श्री गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया, कल्याण साहू, लक्ष्मण लोहिया, बाबूलाल अग्रवाल, हितेश शर्मा, राकेश लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य जी सरस्वती का सत्संग 21 नवंबर को दोपहर 3:30 बजे श्री सत्यनारायण धर्मशाला मैं आयोजित किया गया है वे यहां गुरुदेव भक्त मंडल के दीपावली मिलन समारोह के साथ ही महाकुंभ प्रयागराज के संदर्भ में शिष्यों एवं भक्तों को अवगत कराते हुए महाकुंभ के अवसर पर प्रयागराज पहुंचकर शाही स्नान में सम्मिलित होने का निमंत्रण देंगे।

गुरुदेव भक्त मंडल की नीता लोहिया, संगीता जोशी, भारती साहू, मणी अग्रवाल ने संस्कारधानी नगरी के समस्त गुरु भाइयों एवं गुरु बहनों से आग्रह किया है कि सत्संग एवं दीपावली मिलन कार्यक्रम में उपस्थित होकर पूज्य गुरुदेव भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें।

शीला थीजन की छात्रा युक्ति देवागंन ने किया गौरवान्वित

राजनांदगांव (दावा)। ममता नगर स्थित शाला शीला थीजन मेमोरियल हाईस्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा कु. युक्ति देवांगन ने युनाईटेड स्कूल्स आर्गेनाइजेशन एवं युनेस्को द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय बायोस्फीयर रिजर्व चैंपियन प्रतियोगिता का ग्रैण्ड फिनाले जोयुएसओ हाउस दिल्ली में गत 12 नवम्बर 2024 को आयोजित किया गया था, जिसमें उन्होंने तीसरा स्थान प्राप्त कर शाला, जिले राज्य को गौरवान्वित किया।

यह प्रतियोगिता 3 लेवल में आयोजित था जिसके फेस 1 में पूरे भारत भर के 19 राज्यों मे से विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों के लगभग चार हजार से भी अधिक विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था जिसके फाईनल राउण्ड के लिये फेस 3 में सिर्फ 10 स्कूलों में हमारी शाला की छात्रा कु. युक्ति देवांगन का चयन हुआ था। जिसमें पर्यावरण संरक्षण से जुड़े तथा युनेस्को के कार्यकर्ता डॉ. बेनोबोयर एवं भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देशक भरत मुख्य अतिथी रहे तथा युनाईटेड स्कूल्स आर्गेनाइजेशन की प्रमुख श्रीमति नीना तथा देश के विभिन्न राज्यों के स्कूलो से आये प्रतिभागी बच्चें तथा उनके प्राचार्य उपस्थित रहे। युक्ति की इस उपलब्धि पर शाला की व्याख्याता तथा विज्ञान विभागाध्यक्ष सुश्री निहारिका मिश्रा का मुख्य योगदान रहा है। उक्त छात्रा की इस उपलब्धि पर संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टरर्स श्रीमती प्रेम प्रभाराव, सचिव श्रीमान ई. सिद्द, शाला के प्राचार्य वी.पी. राव, अकादमिक प्रभारी डॉ. अभिषिका रेचलराव, शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। यह जानकारी विज्ञप्ति में शाला के ऑपरेटर बालमुकुन्द नेताम ने दी।

विकास पुरुष डॉ. रमन सिंह का पुतले दहन से सवैधानिक पद का अपमान - रमेश पटेल

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने कांग्रेस नेता कुलबीर छाबड़ा द्वारा आज गांधी चौक में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के पुतला दहन पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि लगता है कांग्रेस के लोग अब क्षुद्र राजनीति करने पर उतारू हो गए हैं, उन्होंने कहा कि निजी स्वार्थ के लिए संविधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का पुतला दहन करना संविधान की मर्यादाओं के खिलाफ है, और भारतीय जनता पार्टी इसका पुरजोर विरोध करते हुए कड़ा जवाब देगी।

श्री पटेल ने कहा कि डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव के लिए विकास पुरुष के रूप में जाने जाते हैं उन्होंने यहां का न केवल भूगोल बदला है, बल्कि राजनंदगांव को प्रत्येक क्षेत्र में ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, इसके विपरीत 5 वर्षों तक कांग्रेस ने राजनांदगांव का क्या हाल किया? यह यहां की जनता भलीभांति जानती है, ऐसे निर्लज्ज कांग्रेसियों को कुछ कहमे के पूर्व अपने गिरेबा में झांक कर देखना चाहिए कि उन्होंने जनता के लिए क्या किया? तब किसी पर आरोप प्रत्यारोप लगाना चाहिए।

कोतवाली थाने में कांग्रेसियों के खिलाफ शिकायत की गई - तरुण लहरवानी

भाजपा दक्षिण मंडल के अध्यक्ष तरुण लहरवानी ने बताया कि संवैधानिक पद पर बैठे डॉ. रमन सिंह के पुतला दहन को सरासर संविधान का खिलवाड़ मानते हुए कांग्रेस नेता कुलबीर छाबड़ा एवं सभी शामिल कांग्रेसियों के खिलाफ इस कृत पर कठोर कार्रवाई करने की मांग करते हुए पुलिस प्रशासन से शिकायत दर्ज की गई है। शिकायत करने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा नेता हर्ष रामटेके, सुमित भाटिया, प्रखर श्रीवास्तव, प्रवीण शुक्ला सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। कोतवाली थाना प्रभारी संजय बरेठ ने बताया कि भाजपाईयों द्वारा तत्संबंध में कार्रवाई हेतु प्रस्तुत लिखित आवेदन को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के समक्ष प्रेषित कर दिया गया है।

विष्णुदेव के सुशासन की तस्वीरः छत्तीसगढ़ पहला राज्य जहाँ 0.8 प्रतिशत पंजीयन शुल्क नहीं लगेगा, मुख्यमंत्री का आभार - किशुन यदु

दान, बंटवारा व हक त्यागने वाली जमीन की कीमत कितनी भी हो, अब शुल्क लगेगा 500 रु., जनता को बड़ी राहत

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में जमीन दान, बंटवारे या हक त्यागने को लेकर विष्णुदेव सरकार ने बड़ी राहत दी है। आम जनता को यह बड़ी राहत देने पर राजनांदगांव नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने विष्णुदेव सरकार का हृदय से आभार जताया है।

जारी बयान में किशुन यदु ने कहा कि विष्णुदेव सरकार के सुशासन में भाजपा के जनहित के कार्यों की वजह से देश में छत्तीसगढ़ पहला ऐसा राज्य बन चुका है जहां इन तीनों के लिए पंजीयन शुल्क सिर्फ 500 रुपए लगेगा।

पहले यह शुल्क बाजार मूल्य का 0.8त्न था यानी अगर दानशुदा संपत्ति की कीमत 1 करोड़ रुपए है तो 80 हजार रुपए पंजीयन शुल्क लगता था। लेकिन, अब संपत्ति की कीमत कितनी भी अधिक हो, पंजीयन शुल्क मात्र 500 लगेगा। स्टांप ड्यूटी दान के लिए 0.5 प्रतिशत, हकत्याग के लिए 0.5 प्रतिशत और बंटवारे के लिए 200 प्रति हिस्सा लगती थी, इसे यथावत रखा गया है। ऐसे में हजारों लोगों को सीधे फायदा होने वाला है, जो अपने प्रियजनों को अचल संपत्ति उपहार करते हैं।

किशुन यदु ने कहा कि पिछले समय कांग्रेस की भूपेश सरकार ने सिर्फ और सिर्फ आम जनता को परेशान करने और लूटने का काम किया था जबकि अब प्रदेश में भाजपा सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए ना सिर्फ सोइच रही है बल्कि एक के बाद एक जनहितैषी निर्णय से लोगों का भला भी कर रही है। किशुन यदु ने आगे बताया कि प्रदेश में पिछले साल 17,125 लोगों ने पारिवारिक दान, 7000 ने हक त्यागनामा और 850 ने बंटवारानामा करवाया था। इस आदेश के बाद यह संख्या और बढ़ेगी। किशुन यदु ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्तमंत्री ओपी चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि आगे भी इसी तरह के नियनय से आम जनता के हित के कार्य होते रहे।

किशुन यदु ने जानकारी देते हुए कहा कि दान, हकत्याग और बंटवारे का पंजीयन शुल्क 500 रुपए होने से किसानों को फायदा होगा। राजस्व विवाद के मामले भी घटेंगे। गांवों में परिवार शुल्क की वजह से बंटवारा सरकारी कागजों में नहीं करते थे। संयुक्त परिवार के नाम संपत्ति होने से किसानों को लोन व योजनाओं का लाभ लेने में दिक्कत होती थी लेकिन अब इस जनहितैषी निर्णय से आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी।

राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेंस(7सीटर) क्रेटा, वेन्यू, एक्सेंट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।

-: बग्गा ट्रेवल्स :-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

निगम आयुक्त विश्वकर्मा ने चौपाटी एवं पुष्पवाटिका व आनंद वाटिका का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरुस्त करने के दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तकनीकि अधिकारियों के साथ पुष्पवाटिका व आनंद वाटिका एवं चौपाटी का निरीक्षण कर तीनों उद्यान में आवश्यक मरम्मत तथा साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उनके द्वारा एसएलआरएम सेन्टर का भी निरीक्षण कर सुपरवाईजर से जानकारी ली।

पुष्पवाटिका एवं आनंद वाटिका निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि दोनों उद्यान में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करे तथा ट्वाय ट्रेन मरम्मत, जीम उपकरण का मरम्मत करने के अलावा अन्य आवश्यक व्यवस्था दुरूस्म कर वाटिका को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। उन्होंने चौपाटी में बनने वाले आकाक्षीय शौचालय को पुष्पवाटिका के पिछला हिस्सा में बनाने तैयारी करने निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि दोनो वाटिका शहर के नागरिकों के भ्रमण, व्यायाम एवं मनोरंजन का बहुत अच्छा स्थल है, जिसे ध्यान में रखकर वाटिका को व्यवस्थित किया जाये। इसी प्रकार उन्होने चौपाटी का निरीक्षण कर चौपाटी के झुले, लाईट आदि ठीक करने कहा तथा कार्यपालन अभियंता श्री संजय वर्मा से बोट की जानकारी लेकर नये बोट खरीदने प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। चौपाटी के आस पास स्थाई रूप से ठेला लगाने वाले को हटवाकर मोबाईल ठेला लगाने समझाईस देने उनके द्वारा कहा गया। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को उद्यान एंव उसके आस पास साफ सफाई कराने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर सेन्टर की व्यवस्था तथा कचरा पृथककरण की सेंटर सुपरवाईजर से जानकारी ली। उन्होंने डोर टू डोर कचरा संग्रहण की जानकारी लेकर घर से ही गीला सूखा अलग अलग कचरा लेने, सतप्रतिशत यूजर चार्ज वसूली के अलावा सेन्टर में साफ सफाई रखने के निर्देश सेन्टर सुपरवाईजर को दिये। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता तिलक राज धुव, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, मिशन क्लीन सिटी सह. प्रभारी पवन कुर्रे, उद्यान सह. प्रभारी दिलीप गिरी, विद्युत सह. प्रभारी किशन गावरे उपस्थित थे।

प्लॉट बेचना है
राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट
रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध
-: संपर्क :-
62641-56342

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com